शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 21 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 6: 04 | सूर्यास्त: 17:36 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सहनशील होना अच्छी बात है..पर अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है..!



शमी के पांच विकेट, गिल का नाबाद शतक, भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया –पृष्ठ 8


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति की हुई शुरुआत - ममता बनर्जी

## मुख्यमंत्री ने 1100 बेड वाले नारायणा मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में देश के सबसे बड़े मल्टी सुपर अस्पतालों में से एक, नारायणा मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. देबी शेट्टी द्वारा 1500 करोड़ रुपये में खोला जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया कि बंगाल सरकार ने अस्पताल निर्माण के लिए डॉ. शेट्टी को 7.26 एकड़ जमीन प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में डॉ. शेट्टी का नेतृत्व महत्वपूर्ण रहेगा, और इसके माध्यम से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। यह अस्पताल बेंगलुरू स्थित नारायणा अस्पताल समूह का हिस्सा है।

इस नई परियोजना के तहत न्यू टाउन में 1100 बिस्तरों वाला एक विशाल अस्पताल निर्माण किया जाएगा। इस अस्पताल का उद्देश्य गरीबों को भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है,





जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए डॉ. देबी शेट्टी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस अस्पताल के पहले चरण में 500 बेड उपलब्ध होंगे, जबकि दूसरे चरण में इनकी संख्या बढ़ाकर 600 बेड की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना से लगभग 10,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों को रेखांकित करते हुए कहा कि बंगाल ने इस क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत की है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अब तक 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। साथ ही, शिशु साथी परियोजना के तहत 32 हजार बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन किए गए हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने 14 नए मेडिकल कॉलेज अस्पतालों की स्थापना की है। बंगाल में वर्तमान में कुल 42 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कार्यरत हैं, जो राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ कर रहे हैं।

### 'मृत्यु कुंभ' वाली टिप्पणी पर विवाद के बीच ममता ने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं

महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताने वाली अपनी टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करती हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने इस बात पर जोर दिया कि धर्म किसी एक व्यक्ति का हो सकता है, लेकिन धार्मिक उत्सव सभी के लिए होते हैं। ममता ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में बोलते हुए प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले के प्रबंधन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि यह आयोजन मृत्यु कुंभ में बदल गया है, जिसमें भगदड़ की घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। ममता ने अधिकारियों पर मृतकों की वास्तवित संख्या छिपाने का आरोप भी लगाया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को लेकर उन पर हमलावर है। ममता ने कहा, किसने कहा कि मैं अपने धर्म का सम्मान नहीं करता? याद रखिए, धर्म एक व्यक्ति का होता है, लेकिन त्योहार सभी के लिए होते हैं। हमारे देश में कई राज्य हैं और हर राज्य की भाषा, शिक्षा, रहन-सहन, संस्कृति और मान्यताएं अलग-अलग हैं। लेकिन हम सभी संस्कृतियों का सम्मान करते हैं।

## महानगर में घर बनाना हुआ सस्ता



### छोटे मकान बनाने पर 50 फ़ीसदी की राहत

**कोलकाता :** कोलकाता में घर बनाने की लागत और भी कम हो रही है। गुरुवार को कोलकाता नगर निगम का बजट पेश करते हुए मेयर फिरहाद हकीम ने घोषणा की कि दो से तीन कट्ठा जमीन पर मकान बनाने के लिए स्वीकृति शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। मध्यम वर्ग इससे खुश है। उन्हें इस बात से कुछ राहत मिली है कि भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क आधा कर दिया गया है। मेयर फिरहाद हकीम ने गुरुवार को कोलकाता नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव पेश किया। गुरुवार को बजट सत्र के पहले दिन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद, कोलकाता नगर निगम की अध्यक्ष माला रॉय ने शोक संदेश प्रस्तुत किया। हाल ही में दिवंगत हुए संगीतकार प्रतुल मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। पहले दिन मेयर द्वारा बजट प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद, अध्यक्ष माला रॉय ने बजट सत्र को अगले मंगलवार, 24 फरवरी तक स्थगित करने की घोषणा की।यह उन लोगों के लिए है जो अपना घर स्वयं बनाएंगे। और कोलकाता नगर पालिका मध्यम वर्ग के लिए 'बांग्ला हाउस' का निर्माण करेगी। -पृष्ठ 3

## रुपया 34 पैसे की बढ़त के साथ 86.64 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 34 पैसे की बढ़त के साथ 86.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये में यह मजबूती अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी आने से हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच डॉलर/रुपये की विनिमय दर में नकारात्मक रुझान है तथा विदेशी पूंजी का निरंतर बहिर्गमन निवेशकों की धारणा पर असर डाल रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.88 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने डॉलर के मुकाबले 86.58 के उच्चस्तर और 86.88 के निचले स्तर को छुआ। अंत में रुपया 86.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की बढ़त है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे कमजोर होकर 86.98 पर बंद हुआ था।

## महाकुंभ में अब तक 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ में बृहस्पतिवार को शाम आठ बजे तक 1.28 करोड़ श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान के साथ ही स्नान करने वालों की कुल संख्या 58 करोड़ से ज्यादा हो गई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। महाकुंभ मेले के अंतिम चरण के सफल संचालन के लिये प्रदेश सरकार 1200 अतिरिक्त बसें चलाएगी। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, इन बसों का क्षेत्रवार आबंटन किया गया है ताकि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी, 2025 के लिए 1,200 बसें रिजर्व रखी गई हैं, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें पहले से संचालित की जा रही हैं। त्रिवेणी में डुबकी लगाने देश-विदेश से आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन लगभग 13 हजार क्यूसेक पानी गंगा बैराज से छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज के सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार सिंह के मुताबिक दिसंबर 2024 से गंगा बैराज से नियमित अंतराल पर पानी छोड़ा जा रहा है। इस बीच, महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने की अवधि बृहस्पतिवार को 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक के लिए बढ़ा दी।

## रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री, प्रवेश वर्मा सहित छह विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में, ईश्वर के नाम पर शपथ ली। गुप्ता के बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज और पंकज कुमार सिंह ने नयी मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई। हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित



हुई हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इनके अलावा चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार और पवन कल्याण सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी इस समारोह के साक्षी बने। रामलीला मैदान में कई गणमान्य हस्तियां और बड़ी संख्या में आम लोग भी उपस्थित थे।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले से हिजबुल का पूर्व सदस्य गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आंतकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक पूर्व सदस्य को 18 साल की लंबी तलाश के बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मूल रूप से गुज्जर-कोठियां तलवारा का निवासी अनवरी अली चौहान उर्फ जमशीर 2001 मेंहिजबुल मुजाहिदीन में शामिल हुआ था। वह सात साल तक गिरोह से जुड़ा रहा था, लेकिन 2007 में उसने कश्मीर घाटी में आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद चौहान भूमिगत हो गया और रियासी पुलिस थाने में दर्ज आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपना स्थान बदलता रहा।

## देश में 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में गैर-संक्रामक रोगों की जांच के लिए अभियान शुरू

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को गैर-संक्रामक रोगों और सामान्य कैंसर का पता लगाने के लिए 30 वर्ष और इससे अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों की 100 प्रतिशत जांच करने के लिए एक गहन और विशेष जांच अभियान शुरू किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि 20 फरवरी से 30 मार्च तक जारी रहने वाला यह अभियान राष्ट्रीय गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) और देशभर के विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रशिक्षित आशा, एएनएम और अग्रिम पंक्तियों के कार्यकर्ता सामुदायिक दौरा करेंगे और व्यक्तियों के घर तक पहुंचकर अधिकतम लोगों की जांच सुनिश्चित करेंगे। बयान में कहा गया है कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और आवश्यक दवाओं सहित आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता की गारंटी देंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जांच, उपचार और 'फॉलो-अप' का डेटा प्रतिदिन एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, अभियान के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रतिदिन शाम छह बजे तक मंत्रालय को अपडेट प्रदान करेंगे, जिससे निरंतर निगरानी और तकनीकी सहायता मिल सकेगी। अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के साथ मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जल्द पहचान करके समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करना है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले नहीं हुए, खबरों को 'बढ़ा चढ़ाकर' पेश किया गया: बीजीबी प्रमुख

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को ''बढ़ा चढ़ाकर'' पेश किया गया। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने कहा कि यहां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी की अगुवाई वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान साझा विषयों के तहत ''कई नए मुद्दों'' पर



चर्चा की गई। चौधरी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिद्दीकी ने कहा कि उनके देश के प्राधिकारियों ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए। उन्होंने उदाहरण दिया कि उनकी सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपने अधिकार क्षेत्र के आठ किलोमीटर के दायरे में दुर्गा पूजा पंडालों को ''व्यक्तिगत रूप से'' सुरक्षा प्रदान की है। पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद दोनों सेनाओं की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

### सोनिया गांधी गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 78 वर्षीय सोनिया की हालत ठीक है और शुक्रवार को उन्हें छुट्टी दी जा सकती है। एक सूत्र ने बताया कि कांग्रेस नेता को बृहस्पतिवार सुबह भर्ती कराया गया। सूत्र ने बताया कि वह चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं।

### चैटिंग ऐप्स पर सरकार सख्त: चीन से जुड़े कई ऐप पर भारत ने लगाया बैन

**नयी दिल्ली :** भारत सरकार ने गूगल प्लेस्टोर से 119 ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जिनमें ज्यादातर चीन और हॉन्ग कॉन्ग से जुड़े वीडियो और वॉयस चैट ऐप्स शामिल हैं। हालांकि, अभी तक सिर्फ 15 ऐप्स को ही हटाया गया है, बाकी ऐप्स अब भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। यह आदेश आईटी एक्ट के सेक्शन 69ए के तहत जारी किया गया है। यह सेक्शन सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और पब्लिक ऑर्डर के मद्देनजर ऑनलाइन कंटेंट ब्लॉक करने का अधिकार देता है। मनीकंट्रोल ने अपनी एक रिपोर्ट में यह एक्सक्लूसिव जानकारी दी है। पहले भी सरकार ने चीन से जुड़े ऐप्स पर कई बार प्रतिबंध लगाया था। खासकर जब भारत-चीन के बीच तनाव बढ़ा था। हालांकि, इस बार ब्लॉक किए गए ऐप्स में सिंगापुर, अमेरिका, यूके और ऑस्ट्रेलिया के कुछ ऐप्स भी शामिल हैं। इससे यह साफ होता है कि इस बार का एक्शन सिर्फ चीन तक सीमित नहीं है।

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त: दिल्ली पुलिस

**नयी दिल्ली :** मणिपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और उनके पास से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मणिपुर निवासी मित्रलाल खातीवाड़ा उर्फ मनोज (45), कृष्णा न्योपनी (21) और आकाश कार्की (25) को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ इकाई मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एन-सीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह पर नजर रख रही थी।

## नफरत में डूबा देश कभी तरक्की नहीं कर सकता: राहुल

**रायबरेली (उप्र) :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि नफरत में डूबा देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। गांधी ने लोगों से नफरत को स्वीकार न करने का आग्रह करते हुए जोर देकर कहा कि भारत हमेशा प्रेम का देश था और रहेगा। गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए बछरावां में पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं से बातचीत की। इसके बाद वह ऊंचाहार के जगतपुर गए, जहां उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक राणा बेनी माधव सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। कांग्रेस सांसद ने एक कार्यक्रम में मीडिया पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, मुझे कहना होगा कि वे (मीडिया) हमारे मित्र हैं, लेकिन वास्तव में वे मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी), अडानी और अंबानी के मित्र हैं। गांधी ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे जनता के बारे में बात नहीं करते। क्या आपने



टीवी पर किसानों, मजदूरों या महंगाई के बारे में कोई खबर देखी है? वे आपको अंबानी और अडानी की शादियां, डांस शो और 15 करोड़ रुपये की घड़ियां दिखाएंगे। उन्होंने कहा, उनका (मीडिया) का काम सरकार पर दबाव बनाना है। अगर सरकार कुछ गलत करती है, तो वे उसे जवाबदेह ठहराते हैं लेकिन वे (मीडिया) अब अपना काम ठीक से नहीं कर रहे हैं। वर्ष 1857 के विद्रोह में राणा बेनी माधव सिंह और बीरा पासी के योगदान को याद करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले सभी महापुरुषों ने संविधान के लिए लड़ाई लड़ी और अगर देश में गरीब, मजदूर व किसान आज आवाज उठा रहे हैं तो यह संविधान की वजह से है। उन्होंने कहा, यह संविधान भारत की आवाज है। गांधी, आंबेडकर और नेहरू ने यह संविधान दिया। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और जेल गए। उनसे पहले राणा बेनी माधव सिंह और बीरा पासी ने लड़ाई लड़ी। वे सभी संविधान के लिए लड़े। गांधी ने कहा, राजनीतिक दलों का कर्तव्य संविधान बचाने का है और मीडिया का भी। लेकिन इन दिनों वे (मीडिया) संविधान की रक्षा के लिए काम नहीं कर रहे और इसीलिए मैंने उनके बारे में बात की। देश को 'बेचे' जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, एयरपोर्ट, बंदरगाह, बुनियादी ढांचा, कोयला, रेलवे, सब कुछ बेचा जा रहा है। कांग्रेस लड़ रही है, मैं सड़कों पर लड़ाई लड़ रहा हूं। लेकिन मीडिया हमारी मदद नहीं कर रहा। लेकिन हम लड़ेंगे और आपको दिखाएंगे कि हम जीत सकते हैं।



## अश्लीलता का कारोबार

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी शृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं।

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति-नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों-रात फेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोध जरूरी है। नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें। कालांतर ये प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक विद्रूपताओं को सींचती हैं बल्कि अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। साथ ही सोशल मीडिया के कंटेंट पर निगरानी के लिये सशक्त नियामक संस्था की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

# मातृभाषा : संस्कार, संस्कृति और अस्मिता की त्रिवेणी

बाल मुकुन्द ओझा

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिवस देश और दुनिया में भाषाई, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता व बहुभाषिता को प्रोत्साहन देने के साथ मातृभाषाओं से जुड़ी जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की वर्ष 2025 की थीम भाषा का महत्व : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह रखा गया है। यूनेस्को के मुताबिक देश और दुनिया में 40 प्रतिशत आबादी को उस भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। फिर भी, बहुभाषी शिक्षा में इसके महत्व की बढ़ती समझ के साथ प्रगति हो रही है, विशेषकर प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में, और सार्वजनिक जीवन में इसके विकास के प्रति अधिक प्रतिबद्धता के साथ। आज, 250 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 763 मिलियन वयस्क बुनियादी साक्षरता कौशल में निपुण नहीं हैं। मातृभाषा शिक्षा सीखने, साक्षरता और अतिरिक्त भाषाओं के अधिग्रहण का समर्थन करती है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रत्येक भाषा की गरिमा को स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस हमको इस बात का ध्यान दिलाता है कि भाषा अभिव्यक्ति का साधन मात्र नहीं है यह सांस्कृतिक सेतु भी बनाती है। यूनेस्को द्वारा दुनिया भर के विभिन्न देशों में उपयोग की जाने वाली (पढ़ी, लिखी और बोली जाने वाली) 7 हज़ार से अधिक भाषाओं की पहचान की गई है। इसी बहुभाषीवाद को मनाने के लिए 21 फरवरी का दिन चुना गया है। यूनेस्को के मुताबिक दुनियाभर में 6000 भाषाएं बोली जाती हैं। यूनेस्को अनुसार वर्तमान में कम से कम 2680 देशी भाषाओं के लुप्त होने का खतरा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लगभग दो हज़ार भाषाएं या बोलिया बोली जाती हैं। इनमें से 42.2 करोड़ लोगों की मातृभाषा हिंदी है।

यह सही है की भाषाओं की दृष्टि से भारत एक समृद्ध देश है। उत्तर भारत के राज्यों को छोड़कर देश में जितने भी राज्य है वहां की मातृ भाषा हिंदी नहीं है हालाँकि हिंदी को हमने राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकारा है। बंगाल में बंगला, असम में असमी, कर्णाटक में कन्नड़, तमिलनाडु में तमिल ,केरल में मलयालम आंध्र में तेलगु और उड़ीसा में उड़िया का बोलबाला है। कुछ अन्य राज्यों की भाषा भी वहां की स्थानीय भाषा है और वहां हिंदी नहीं बोली जाती। आजादी के बाद यदि हमने अपनी निज भाषा के विकास पर ध्यान दिया होता तो आज हिंदी सम्पूर्ण देश में सर्वत्र मातृ भाषा के रूप में अपना स्थान बना लेती। हमारी गुलाम मानसिकता का ही यह परिणाम था की हिंदी मातृ भाषा का अपना दर्जा हासिल नहीं कर पाई। क्षेत्रीय भाषाओं से हमारा कतई विरोध नहीं है। यदि देश के नागरिक अपनी स्थानीय भाषा को मातृ भाषा के रूप में स्वीकारते है तो यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। हमारा विरोध तो विदेशी भाषा से है जिसने हिंदी को आगे नहीं बढ़ने दिया। आज आवश्यकता इस बात की कि हम विश्व मातृ भाषा दिवस जरूर मनाएं लेकिन हिंदी को उसका हक अवश्य दिलाये। दक्षिण के प्रदेश अपनी निज बोली या भाषा को अपनाये इसमें किसी को आपत्ति नहीं है मगर राष्ट्रभाषा के स्थान पर अंग्रेजी को अपनाये यह हमे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। वे तमिल ,कनड या बंगला को अपनाये हमे खुशी होगी मगर हिंदी के स्थान पर अंग्रेजी थोपे तो यह बर्दाश्त नहीं होगा।

आज आवश्यकता इस बात की है की हम देश की मातृ और जन भाषा के रूप में हिंदी को अंगीकार करे। अपनी अपनी निज भाषा के साथ हिंदी को स्वीकार कर देश को प्रगति पथ और एक सूत्र में पिरोने के लिए अपने स्वार्थ त्यागे और देश के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा का परिचय दें। अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस की सार्थकता इसीमें है कि हम अपनी क्षेत्रीय भाषाओं की अस्मिता को स्वीकार करने के साथ हिंदी को व्यापक स्वरुप प्रदान कर देश को एक नई पहचान दें। यह देश की सबसे बड़ी सेवा होगी।

# मुफ्त की रेवड़ियों पर 'सुप्रीम' कोर्ट की नाराजगी से बदलेगी तस्वीर!

रोहित माहेश्वरी

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मुफ्त की रेवड़ियों का मुद्दा जोर-शोर से उछला था। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की फ्रीबीज योजनाओं पर सवाल खड़े किए तो केजरीवाल ने रेवड़ी नाम से ही अपनी योजनाओं का प्रचार तक कर डाला। मुफ्त की रेवड़ियों का मामला सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चुनाव जीतने के लिए कई राजनीतिक दल लोगों को फ्री सुविधाएं देने का वादा करने लगे हैं।

बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बहस नहीं करना चाहती। न्यायालय ने कहा कि अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन, साथ ही क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए?

फ्रीबीज की कोई तय परिभाषा नहीं है। मगर बेहद कम समय में लक्षित आबादी को ध्यान में रखकर लोगों को मुफ्त में वस्तुएं एवं सेवाओं को देने को ही फ्रीबीज कहा जाता है। 2022 की अपनी रिपोर्ट में आरबीआई ने फ्रीबीज को एक लोक कल्याणकारी उपाय के तौर पर परिभाषित किया है, इन्हें मुफ्त में प्रदान किया जाता है। फ्रीबीज का इस्तेमाल राजनीतिक दल अधिकतर चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने में करते हैं। सभी राजनीतिक दलों के बीच मुफ्त बिजली देने का वादा सबसे लोकप्रिय फ्रीबीज है।

माना जाता है कि फ्रीबीज की शुरूआत दक्षिण भारत के राज्यों से ही हुई। यहां लोगों को मिक्सर और टीवी देने की जैसी योजनाएं राजनीतिक दलों के जुबान पर होती हैं। मगर अब हर चुनाव में मुफ्त की योजनाएं व्यापक हो रही हैं। पिछले तीन-चार सालों में इनका चलन और भी तेज हुआ है। पहले फ्रीबीज के नाम पर मुफ्त साड़ी, कंबल, टीवी, लैपटॉप, साइकिल, पानी, गेहूं, बिजली और चावल का वादा किया जाता था। मगर अब सीधे खातों पर पैसे भेजने की बात होती है। कुछ राज्यों में आर्थिक मदद भेजी भी जा रही है। बिहार में लंबे समय से लड़कियों को मुफ्त में साइकिलें देने का चलन है।

देशभर में मुफ्त बिजली व महिलाओं को मुफ्त सफर और मासिक आर्थिक सहायता सबसे लोकप्रिय फ्रीबीज योजनाएं हैं। मन से या बेमन से... हर राजनीतिक दलों ने इन्हें स्वीकारना शुरू कर दिया है। सियासी दल चुनाव में लैपटॉप, साइकिल, स्मार्टफोन, आर्थिक सहायता, बेरोजगारी भत्ता और मुफ्त पानी देने का वादा करते हैं। कर्जमाफी भी मुफ्त की रेवड़ी का बड़ा उदाहरण है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय हम उन्हें नकारा बना रहे हैं। मुफ्तखोरी और रेवड़ियों का देश के खजाने पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। देश और राज्यों पर कर्ज के बोझ असहनीय होते जा रहे हैं। बजट में कटौतियां कर सरकारें रेवड़ियां परोसने को विवश हैं, क्योंकि अब यही राजनीति हो गई है। सवाल यह भी है कि इन लोगों को विकास में योगदान देने के अवसर क्यों न दिए जाएं?

यह कर्ज का बोझ है अथवा मुफ्तखोरी बांटने का असर है कि 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना आदि के बजट में कटौतियां करनी पड़ी हैं। देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मोटा हिस्सा कर्ज और उसका ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक भी इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताते हुए कह चुका है कि जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा कर्ज लेना ठीक नहीं है। हाल ही में महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनावों में मुफ्तखोरी और रेवड़ियों की जमकर बोलियां लगाई गईं। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। अभी सरकार का गठन होना है, लेकिन अनुमान सामने आ रहे हैं कि मुफ्तखोरी की योजनाओं को लागू करने के लिए कमोबेश 25,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली का कुल बजट 76,000 करोड़ रुपए का है।

उसमें से करीब 62-64 हजार करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि पर खर्च हो जाते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करीब 6000 करोड़ रुपए ही शेष बचते हैं। तो नए खर्चों के लिए 25,000 करोड़ रुपए कहां से आएंगे? महाराष्ट्र में 1 लाख करोड़ रुपए की बजट में कटौती का खतरा आसन्न है। मुफ्त योजनाओं को मिला कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो सकता है। राज्य पर कर्ज 7.11 लाख करोड़ रुपए का है। शिव भोजन थाली, तीर्थ यात्रा, आनंद सिद्धा आदि योजनाएं या तो बंद करनी पड़ी हैं अथवा बंद होने के कगार पर हैं। जिस 'लाडकी बहिन' योजना के बल पर भाजपा-महायुती की सरकार बरकरार रही है, उस योजना के वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा रहा है, क्योंकि इस योजना पर 46,000 करोड़ रुपये अनुमानित खर्च है। जाहिर है कि कई महिलाओं की नकदी पर गाज गिरना तय है। ठेकेदार अपने काम के भुगतान मांगने को कपड़े फाड़ रहे हैं, लेकिन लगातार घाटों के कारण सरकार की सांसें फूली हैं। ऐसे फलितार्थ लगभग सभी राज्यों में सामने आ रहे हैं।

कल्याणकारी योजनाओं और फ्रीबीज के बीच बारीक अंतर है। हालांकि कई मामलों में यह अंतर स्पष्ट नहीं होता है। कल्याणकारी योजनाओं को एक प्लान के तहत बनाया जाता है। इन योजनाओं का उद्देश्य एक निश्चित आबादी तक लाभ पहुंचाना। उनके जीवन स्तर को सुधारना और संसाधनों तक उनकी पहुंच को बढ़ाना है। मगर अधिकांश समय फ्रीबीज का उद्देश्य राजनीतिक लाभ होता है।

बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने नाराज टिप्पणी की है, कोई फैसला नहीं सुनाया है, लेकिन मुफ्तखोरी और रेवड़ियां बांटना अब भारतीय राजनीति का अंतरंग हिस्सा बन गया है। रेवड़ियां बांट कर राजनीतिक दल चुनाव जीत रहे हैं और सत्ता में आ रहे हैं। ये राजनीतिक दल मुफ्तखोरी को 'कल्याणकारी' मानते हैं और गरीब जनता के प्रति सरकार का दायित्व भी मान रहे हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के दो न्यायाधीश कोई फटकार जैसी नाराजगी जताए, तो उसके कोई खास मायने नहीं हैं। बहरहाल रेवड़ियों को परिभाषित नहीं किया जा सका। इस पर चिंतन होना चाहिए।

## विदेश की खबरें

### ट्रंप की आलोचना के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने जेलेंस्की का समर्थन किया



**लंदन :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेनी राष्ट्रपति को तानाशाह कहे जाने के तुरंत बाद एक फोन कॉल में वोलोदिमीर जेलेंस्की को समर्थन की पेशकश की। ट्रंप की यह टिप्पणी रूस के साथ संघर्ष से निपटने के उनके तरीके की आलोचनाओं के बाद आई थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आवास व कार्यालय 'डाउनिंग स्ट्रीट' की ओर से बुधवार रात को जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री (स्टार्मर) ने यूक्रेन के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेता के रूप में राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और कहा कि युद्ध के दौरान चुनावों को स्थगित करना पूरी तरह से उचित था, जैसा कि ब्रिटेन ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किया था। जेलेंस्की का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल मई में समाप्त हो गया था, लेकिन रूस के साथ देश में चल रहे संघर्ष के बीच घोषित मार्शल लॉ के तहत चुनाव स्थगित हैं। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा, प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रयासों के प्रति अपना समर्थन दोहराया, जिससे रूस को भविष्य में किसी भी आक्रमण से रोका जा सके। यह बयान आने वाले दिनों में ट्रंप के साथ वार्ता के लिए स्टार्मर की वाशिंगटन यात्रा से पहले आया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जोहानिसबर्ग में सिंगापुर, ब्राजील, इथियोपिया के अपने समकक्षों से मुलाकात की



**जोहानिसबर्ग :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में सिंगापुर, ब्राजील और इथियोपिया के अपने समकक्षों से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने तीनों नेताओं से वैश्विक घटनाक्रमों के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की दो दिवसीय यात्रा पर जोहानिसबर्ग में हैं। उन्होंने बैठक से इतर सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ हमेशा अच्छी बातचीत होती है, इस बार यह जोहानिसबर्ग में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर हुई। विश्व की स्थिति और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने ब्राजीलियाई समकक्ष विएरा के साथ द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक घटनाक्रम और जी-20 तथा ब्राजील की ब्रिक्स अध्यक्षता में दोनों देशों के कार्यों पर चर्चा की। ब्राजील सरकार ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह-सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। 2009 में गठित ब्रिक्स एकमात्र प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसका अमेरिका हिस्सा नहीं है। ब्रिक्स के सदस्यों में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। जयशंकर ने अपने इथियोपियाई समकक्ष गेडियन टिमोथिस से भी मुलाकात की। इस दौरान, दोनों नेताओं ने दीर्घकालिक द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्री ने कई अन्य देशों के अपने समकक्षों से भी बातचीत की। इनमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान शामिल हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 फरवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष अष्टमी, 11:54 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 15:43 तक, योग : व्याघात, 11:51 तक, सूर्योदय: 6:07, सूर्यास्त: 17:32, चन्द्रोदय : 0018, चन्द्रास्त: 11:05, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : वृश्चिक , राहू काल : 10:24 से 11:50

## राशिफल

**मेष :** आज स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सिरदर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आडम्बर युक्त व्यवहार के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**वृष :** आज नया काम भी शुरू कर सकते हैं। अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। शुभ समाचार मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सेहत संबंधी कष्ट से निजात मिलेगी।

**मिथुन :** आज नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको शानदार फीडबैक मिल सकता है। किसी से बहसबाजी न करें, तनाव बढ़ सकता है। अपनी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें।

**कर्क :** आज किसी काम के पूरा नहीं होने से निराशा हो सकती है। उनका रुख आपके प्रति आक्रामक हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों के प्रति आपकी जिज्ञासा आज बढ़ सकती है।

**सिंह :** आज काम में आपका मन नहीं लगेगा। घर में कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य अधूरे छूट सकते हैं। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझ नहीं पा रहे हैं।

**कन्या :** आज स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पुरानी गलतियों का भुगतान करना पड़ सकता है। आज क्रोध व उत्तेजित प्रतिक्रिया से बचें। धर्म के प्रति मन में शंका हो सकती है।

**तुला :** आज मान-सम्मान में कमी आ सकती है। किसी जरूरी कार्य के बाधित होने के कारण तनाव में आ सकते हैं। छोटे बच्चों या अध्यात्मिक लोगों के साथ समय बिताना लाभकारी होगा।

**वृश्चिक :** आज कारोबार में नये अनुबन्ध कर सकते हैं किन्तु काम शुरू नहीं हो पायेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर काफी सम्वेदनशील रहेंगे। सोशल मीडिया पर अपना प्रमोशन कर सकते हैं।

**धनु :** आज अधिक परिश्रम करने से बचना चाहिये। मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त नहीं होगा। कानूनी उलझनों में फंस सकते हैं। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा।

**मकर :** आज प्रियजनों से आपको उत्तम सलाह व उचित सहायता मिल सकती है। बच्चे माता-पिता की आशाओं पर खरे उतरेंगे। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है।

**कुम्भ :** आज किसी से उम्मीद न करें। आज सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। पुत्र सन्तान को लेकर थोड़े विचारशील हो सकते हैं। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है।

**मीन :** आज आपको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पुरानी गलतियों का असर दिख सकता है। सेहत संबंधी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आज क्रोध व उत्तेजित प्रतिक्रिया से बचें।

## वर्ग पहेली नं. 3011

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | |
| 10 | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | ■ | 26 | | 27 |
| | ■ | ■ | 28 | | 29 | ■ | | ■ | |
| 30 | | | | ■ | 31 | | ■ | 32 | |

ऊपर से नीचे:- 1) उच्चतम जीव; इन्सान; आदमी, 2) ब्रेनवाशिंग; कुपरामर्श; हित की बात; उपदेश, 3) पदक, 4) कलात्मक; दर्शनीय; मोहक; सुरम्य, 5) संदेह, 6) दयालु, 8) तक; पर्यन्त, 11) सहयात्री, 13) निरंकुश शासक, 19) गालीचा, 21) एक पादत्राण, 23) पीड़ा, 24) पुष्प, 25) युद्ध, 27) दुर्घटना, 28) केवल; अधिकार; सार्वजनिक वाहन, 29) होंठ. (उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें:- 1) स्वप्नभंग; निराशा; उत्साहभंग, 4) ख्यातनाम; प्रसिद्ध, 7) पूर्णकृत; समाप्त, 9) पतला सिरा, 10) न तू न मैं, 12) अहोरात्र; गटागट; बिना रुके; निरंतर, 14) खोया हुआ, 15) चंद्रमा, 16) स्त्रैण; हिजड़ा; नपुंसक, 17) जल पीने की इच्छा, 18) शुभ संभावना; उम्मीद, 19) अवधि; वक्त, 20) अवांछनीय; व्यर्थ; निरर्थक, 22) वनस्पतियुक्तता; हराभरापन; हरे-भरे पेड़-पौधों का विस्तार, 24) कमीज के समान एक पहनावा, 26) एकाकी, 28) काँख, 30) कृपण; कंजूस, 31) मूल्यकटौती; हानि; टोटा; धब्बा, 32) जेब.

पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | दे | श | ■ | ह | ■ | स | सु | र |
| ब | ल्ला | ■ | ह | रा | म | ख़ो | री | ■ | ■ |
| ल | ■ | सु | र | ■ | स | ■ | खा | ल | सा |
| ना | प | ना | ■ | क | फ़ | नी | ■ | ■ | ब |
| ■ | त | र | ह | दा | र | ■ | वि | धु | र |
| बे | वा | ■ | ■ | चा | ■ | पू | रा | ■ | म |
| अ | र | ब | ■ | र | ज | त | ज | यं | ती |
| द | ■ | ला | गू | ■ | वा | ■ | मा | ■ | ■ |
| ब | ड़ा | ■ | दा | म | न | ■ | न | क | ली |

## सुडोकू-पहेली-2971

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 3 | | 2 | | |
| | 5 | 1 | | | | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| | | | 1 | | | | 7 | 5 |
| 8 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | 8 | 3 | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2970 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 |

# कोलकाता नगर निगम में घाटे का बजट पेश

- 114 करोड़ रुपए का रहा घाटा
- कर अदायगी में भी आई कमी
- कमा स्वास्थ्य व लाइटिंग का आवंटन
- पार्षदों के फंड में बढ़ोतरी

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम ने 114 करोड़ 72 लाख का घाटे का बजट पेश किया। गुरुवार को मेयर फिरहाद हकीम ने बजट पेश करते हुए विकासमूलक कार्य पर जोर दिया। पिछले बार की तरह इस बार निगम ने घाटे का बजट पेश किया। जो कि पिछले बार की तुलना में लगभग दो करोड़ का है। निगम कर अदायगी में भी पीछे रह गया। घाटे को देखते हुए निगम ने स्वास्थ्य व लाइटिंग का आवंटन में कमी कर दी। हालांकि, अगले साल, बजट को विधानसभा और नगरपालिका के वोटों को ध्यान में रखते हुए पेयजल सेवा पर जोर दिया गया है। निगम ने इस बार पार्षदों को खुश कर दिया। उनके आवंटन को बढ़ा दिया गया। साथ ही महानगर में घर बनाने के लोगों के सपने को नई उड़ान दी गई है।

मेयर ने इस बार निगम का आय पांच हजार 524 करोड़ 84 लाख दिखाया जबकि व्यय 5 हजार 639 करोड़ 56 लाख रहा। आय व्यय के अनुपात को देखते हुए निगम को कुल 114 करोड़ 72 लाख का घाटा हुआ जो कि पिछले वर्ष 112 करोड़ रहा। लगभग दो करोड़ 74 लाख का घाटा बढ़ा है। निगम ने 2025-26 में संभावित आय 1 हजार 533 करोड़ का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम कर से आय बढ़ाने में विफल रहा। निगम ने एक हजार 520 करोड़ का लक्ष्य रखा था जबकि सिर्फ 1 हजार 158 करोड़ रुपए कर उगाही किया गया।

**❑ स्वास्थ्य व लाइटिंग का आवंटन घटा**

निगम के बजट में इस बार घाटे का असर स्वास्थ्य व लाइटिंग विभाग पर पड़ा। स्वास्थ्य विभाग और लाइटिंग विभाग के मामले में बजट आवंटन में कमी आई है। जल आपूर्ति परियोजना के लिए आवंटन को पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ाया गया है। निगम का ध्यान वोट को लेकर लोगों को लुभाने में रहा। घाटे



पर जोड़

कार पार्किंग क्षेत्र के लिए राजस्व लक्ष्य 21 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोलकाता नगर निगम ने कार पार्किंग क्षेत्र से 13.46 करोड़ रुपए कमाए। लाइसेंस क्षेत्र में इस आय का लक्ष्य 80 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कोलकाता नगर निगम का राजस्व लक्ष्य 5,524.84 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। और व्यय लक्ष्य केवल 5,639.56 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है।

**❑ पार्षदों का फंड बढ़ा**

कोलकाता नगर निगम के वित्तीय कोलकाता नगर निगम की संपत्ति कर से आय में वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोलकाता नगर निगम ने 8 दिसंबर तक 944 करोड़ रुपए कर एकत्र किए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोलकाता नगर निगम को संपत्ति कर से पूरे साल में 1,210 करोड़ रुपए की आय हुई थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर राजस्व का लक्ष्य 1,581.33 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है।

वर्ष 2025-26 के बजट में पार्षदों के लिए धनराशि में वृद्धि की गई है। इसका मतलब यह है कि क्षेत्र या वार्ड के विकास के लिए पार्षदों को आवंटित धनराशि में वृद्धि हुई है। अब पार्षदों के हाथ में अधिक धन होगा। पहले यह राशि 15 लाख थी, जिसे बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है। बोरो इंटीग्रेटेड फंड 25 लाख रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 30 लाख रुपए कर दिया गया है।

---

**इन्होंने क्या कहा**

**विकासमूलक कार्य पर हुआ खर्च**

निगम ने विकासमूलक कार्य पर विशेष जोर दिया है। खर्च सिर्फ लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए हुई है। निगम के बजट में घाटा होना लाजिमी है। निगम कर अदायगी सहित अन्य आय के स्रोत पर ध्यान देगा।

**फिरहाद हकीम, मेयर**

---

**मेयर रहे विफल**

जमीनी स्तर निगम का यह बोर्ड घाटे का बजट कम नहीं कर पाया है। सभी वादे लालटेन ही रहे। सभी सेवाओं की उपेक्षा की गई है। संपत्ति कर एकत्र करने में नगरनिगम पूरी तरह विफल रहा।

**सजल घोष, भाजपा पार्षद**

### किस विभाग में कितना आवंटन

| विभाग | 2025-26 | 2024-25 |
|---|---|---|
| स्वास्थ्य | 180 करोड़ | 186 करोड़ 55 लाख |
| लाइटिंग | 156 करोड़ 90 लाख | 164 करोड़ 45 लाख |
| ठोस व्रज्य प्रबंधन | 686 करोड़ 57 लाख | 666 करोड़ 66 लाख |
| जलापूर्ति | 458 करोड़ 90 लाख | 444 करोड़ 97 लाख |
| बस्ती विभाग | 249 करोड़ 9 लाख | 232 करोड़ 69 लाख |
| सड़क विभाग | 325 करोड़ 2 लाख | 318 करोड़ 22 लाख |
| जल निकासी | 352 करोड़ 57 लाख | 335 करोड़ 69 लाख |

## महानगर में भी घर बनवाएगा निगम

- निगम ने की बांग्लार बाड़ी की घोषणा
- 16 जगहों से होगी शुरुआत

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता के रास्ते में फिरहाद हकीम भी चल निकले है। राज्य के बजट की तरह, कोलकाता नगर निगम के बजट ने भी वित्तीय वर्ष 2021-27 में 'बंगालार हाउस' परियोजना पर जोर दिया गया। कोलकाता के 16 जगहों पर बांग्लार बाड़ी के लिए चिह्नित की गई है। बजट में बोरो फंड को भी बढ़ाया गया है। बोरो फंड के लिए आवंटन 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख कर दिया गया है।

**इन जगहों पर बनेंगे बांग्लार बाड़ी**

- 3, 3/1, 3/1/1, जेके घोष रोड, रसगुल्ला पट्टी, वार्ड नं. 3, बोरो-1.
- नंबर 46, ऑर्फनगंज बाजार के पास, वार्ड नंबर 74, बोरो नंबर 9।
- रतन बाबू घाट के पास, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर 1।
- उपेंद्र चंद्र बनर्जी रोड, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर -1।
- 1, कैनाल ईस्ट रोड, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर -1।
- 12, जज कोर्ट रोड, वार्ड नंबर-2, बोरो नंबर -2।
- शशी शेखर ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर 1.
- गायत्री घाट, वार्ड नंबर-1 बोरो नं -1
- 1, चित्तरंजन कॉलोनी, वार्ड नं -12, बोरो नंबर -12।
- 1, हेमचंद्र नस्कर रोड, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर -1।
- लॉकगेट ब्रिज, वार्ड नंबर - 1, बोरो नंबर -1 के पास डिलजोंग रोड।
- चारू ग्राउंड, 1/3/1, 1/2, मुखर्जी पाड़ा , वार्ड नंबर-1, बोरो नंबर 1।
- राजा सुबोध मल्लिक स्क्वायर, वार्ड नंबर -1, बोरो नंबर -1।
- केओरापुकुर, बोरो नंबर 1के स्वेज ट्रीटमेंट प्लांट से सटे क्षेत्र।

प्रासंगिक रूप से, राज्य के बजट के आवंटन ने 'हाउस ऑफ बंगाल' परियोजना में भी वृद्धि की है। राज्य सरकार ने अतिरिक्त 1 लाख उपभोक्ताओं के निर्माण के लिए 1.5 करोड़ आवंटित किए हैं।

**❑ यह 'बंगाल का घर' क्या है?**

यह प्रधानमंत्री की आवास योजना की तर्ज़ पर ममता बंद्योपाध्याय की सरकार का बंगला निवास है। राज्य में इस बंगला निवास योजना का नाम 'हाउस ऑफ बंगाल' है। मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2021 में नई परियोजना शुरू की। इस परियोजना में, राज्य सरकार रूपए का भुगतान करेगी।

## यूजीसी के विनियम ड्राफ्ट वापस लेने की मांग को लेकर बंगाल विधानसभा में प्रस्ताव पारित

- विपक्षी विधायकों की अनुमपस्थिति में पारित किया गया प्रस्ताव, बजट सत्र का प्रथम चरण आज समाप्त

**कोलकाता** : बंगाल विधानसभा में बजट सत्र के प्रथम चरण के अंतिम दिन गुरुवार को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) के विनियम 2025 के जारी ड्राफ्ट को वापस लेने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव लाया जिसे विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित कर दिया गया। इस यूजीसी के एक ड्राफ्ट रेगुलेशन को शिक्षा मंत्री बसु ने संघीय ढांचा के लिए कुठाराघात करार दिया। उन्होंने निमय 169 के तहत लाए गए प्रस्ताव पर अपने पार्टी के दो विधायकों द्वारा अपनी बात रखने के बाद सदन में कहा कि इस ड्राफ्ट रेगुलेशन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंभीर चिंता जताई है। सिर्फ बंगाल ही नहीं गैरभाजपा शासित छह राज्यों ने इसका विरोध किया है। बसु ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से उच्च शिक्षा पर कब्जा करने की कोशिश में हैं जिसे बंगाल स्वीकार नहीं करेगा।

बताते चलें कि छह जनवरी को यह ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी कर सभी राज्यों से इस पर राय मांगी गई है। जारी ड्राफ्ट गाइडलाइन के अनुसार 70 साल की उम्र तक यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर बन सकेंगे। वहीं विश्वविद्यालयों में कुलपति बनने के लिए अब अकादमिक क्षेत्र का होना अनिवार्य नहीं होगा। नए नियमों के तहत इंडस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक पालिसी, पब्लिक सेक्टर, पीएसयू आदि सेक्टर के विषय विशेषज्ञ भी कुलपति बन सकेंगे। पहले कुलपति बनने के लिए अकादमिक योग्यता में पढ़ाने अनुभव अनिवार्य मानक था। जिसका बंगाल की ममता सरकार ने विरोध किया है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब ममता सरकार की ओर से केंद्र सरकार द्वारा जारी किस कि नियम, कानून, योजना या नीति का विरोध किया गया है। इससे पहले नई शिक्षा नीति का भी ममता सरकार विरोध कर चुकी हैं।

### कई राज्यों में मिले हैं फर्जी जाब कार्ड : चंद्रिमा



**बजट पर लंबी चर्चा के बाद विपक्षी विधायकों की अनुपस्थिति में वित्त राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बजट आवंट को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने सौ दिन रोजगार योजना की राशि केंद्र सरकार द्वारा रोके जाने को लेकर कहा है कि बंगाल ही नहीं यूपी से लेकर महाराष्ट्र और भी कई प्रदेश हैं जहां फर्जी जाब कार्ड मिले हैं, वहां भ्रष्टाचार नहीं हुआ है? वहां की राशि तो नहीं रोकी गई है, सिर्फ बंगाल का फंड क्यों रोका गया है? साथ ही ग्रामीण सड़क योजना से लेकर और भी विभिन्न योजनाओं का फंड रोकने के खिलाफ भी उन्होंने केंद्र पर निशाना सधा। इस कार्यवाही के बाद स्पीकर बिमान बनर्जी ने बजट सत्र का प्रथम चरण आगामी दस मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बजट सत्र का दूसरा चरण इसी दिन से फिर शुरू होगा।**

## भाजपा विधायक शिखा चटर्जी ने की उत्तर बंगाल को अलग राज्य घोषित करने की मांग

- कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ नाच-गान करने उत्तर बंगाल के दौरे पर जाती हैं, वहां का नहीं हुआ है कोई विकास
- ममता सरकार पर उत्तर बंगाल के साथ लगातार भेदभाव का लगाया आरोप

**कोलकाता :** बंगाल में भाजपा की विधायक शिखा चट्टोपाध्याय ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में उत्तर बंगाल को अलग राज्य घोषित करने की मांग की। डाबग्राम-फूलबारी से विधायक चट्टोपाध्याय ने गुरुवार को सदन में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर बंगाल के लोग विकास चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती वाममोर्चा सरकार से लेकर मौजूदा ममता सरकार उत्तर बंगाल के साथ लगातार भेदभाव कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य नहीं कर पाने पर उत्तर बंगाल को अलग राज्य घोषित कर दें अथवा केंद्र सरकार के शासन में ला दें। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के लोग वर्षों से वंचित होते आ रहे हैं। मैं उनका प्रतिनिधित्व करती हूं इसलिए उनकी मांग विधानसभा में रख रही हूं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाच-गान करने उत्तर बंगाल के दौरे पर जाती हैं। वहां का कोई विकास नहीं हुआ है। लोगों को पेयजल तक नहीं मिल रहा है। नदी कटाव की गंभीर समस्या है। कोई रोजगार नहीं है। मालूम हो कि इससे पहले कूचबिहार के पूर्व सांसद निशिथ प्रमाणिक से लेकर अलीपुरद्वार के पूर्व सांसद जान बारला सहित भाजपा के कई नेता उत्तर बंगाल को अलग राज्य बनाने की मांग कर चुके हैं। वहीं, भाजपा विधायक शिखा चट्टोपाध्याय की मांग पर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनता के लिए इतने काम किए हैं कि भाजपा के बंगाल में जीतने की अब कोई संभावना ही नहीं बची है इसलिए वह इस तरह के बचकाने बयान दे रही है। उन्होंने दावा किया कि अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर बंगाल में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी।

## 'स्काच अवार्ड' पर बयान को लेकर भाजपा विधायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस

**कोलकाता** : नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के बाद अब बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक व अभिनेता हिरण्मय चटर्जी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाया गया है। वित्त राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य सरकार को मिले 'स्काच' पुरस्कार पर विवादास्पद टिप्पणी के लिए खड़गपुर के भाजपा विधायक हिरण्मय चटर्जी के खिलाफ नोटिस पेश किया। स्पीकर बिमान बनर्जी ने नोटिस स्वीकार करते हुए कहा कि वे इसे विशेषाधिकार मामले की कमेटी को भेज दिया है। बुधवार को विधानसभा में खड़े होकर हिरण्मय ने टिप्पणी की कि बंगाल सरकार को पैसे के बदले एक के बाद एक 'स्काच' पुरस्कार मिले हैं। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने इस टिप्पणी को आपत्तिजनक बताया। इसके जवाब में गुरुवार को चंद्रिमा भट्टाचार्य ने एक नोटिस लाकर मांग की कि हिरण्मय ने अपनी टिप्पणियों के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करें। तदनुसार, विधानसभा अध्यक्ष ने कथित तौर पर भाजपा के स्टार विधायक को चेतावनी दी है। पिछले कुछ वर्षों में, राज्य सरकार के कई विभागों के कार्यों को मान्यता देते हुए राज्य को कई 'स्काच' पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। यदि हम 2022 से गिनती करें तो यह लगभग 40 है। हालांकि, खड़गपुर विधायक हिरण्मय ने बुधवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सभी पुरस्कार पैसे के बदले प्राप्त किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कैग रिपोर्ट के अनुसार राज्य ने 2022 में पंजीकरण के नाम पर पैसा दिया। यह जानकारी एक आरटीआइ के आधार पर सामने आई। अपने खिलाफ आए विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर हिरण्मय ने कहा कि यदि लिखित जवाब चाहते हैं, तो मैं दे दूंगा, मेरे पास सारे सबूत हैं। मुझे नोटिस नहीं मिला है लेकिन पता चला है कि 24 फरवरी को उक्त बयान को लेकर संबंधित दस्तावेज व साक्ष्य जमा करने को कहा गया है।

## कुंभ मेला 'मुक्ति मेला' है : राज्यपाल बोस

- कहा... मेले ने मनुष्य को ईश्वर से जोडऩे वाले इंद्रधनुषी पुल का निर्माण किया

**कोलकाता :** बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कुंभ मेले को ऐसा मुक्ति मेला बताया, जिसने मनुष्य को ईश्वर से जोडऩे वाले इंद्रधनुषी पुल का निर्माण किया। उनका यह बयान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। उन्होंने दावा किया है कि अधिकारियों ने इस बड़े धार्मिक समागम में मरने वालों की वास्तविक संख्या को दबा दिया है।

बोस ने यहां राजभवन में पत्रकारों से कहा कि मैं किसी विवाद में नहीं पडऩा चाहता। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है और मुख्यमंत्री को अपने राजनीतिक रुख के आधार पर किसी भी स्थिति का अपना विश्लेषण देने का अधिकार है। मैं लोकतंत्र की खूबसूरती के रूप में इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, मैं राज्यपाल के तौर पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैं वहां प्रक्रिया में एक विनम्र भागीदार के तौर पर गया था। बंगाल के राज्यपाल इस सप्ताह की शुरुआत में कुंभ मेले में पहुंचे थे और डुबकी लगाई थी। बोस ने कुंभ मेले को मुक्ति मेला और मृत्युंजय मेला बताया। प्रयागराज में आयोजित समागम के बारे में बात करते हुए बोस ने कहा कि मैं कुंभ मेले को भारत की महान परंपरा की परिणति के रूप में देखता हूं। कुंभ ईश्वर से मिलन का नाम है। आम लोग स्वेच्छा से वहां आए थे। लाखों लोग अपनी इच्छा से वहां आए थे क्योंकि वे वहां आना चाहते थे। मैं सोचता हूं कि यह एक इंद्रधनुषी पुल है जो धरती को आकाश से, मनुष्य को ईश्वर से आंतरिक दुनिया को बाहरी दुनिया से जोड़ता है। मैं इसे भारत की परंपरा और संस्कृति की उत्कृष्टता मानता हूं और जहां तक राजनीतिक बयानों का सवाल है, इस पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

### बंगाल: भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात करके ममता के बयान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को राजभवन में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस से मुलाकात करके महाकुंभ को 'मत्युकुंभ' कहने से संबंधित बयान के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई और इस टिप्पणी को विधानसभा के रिकॉर्ड से हटाने का अनुरोध किया। मंगलवार को बनर्जी ने भगदड़ के दौरान हुईं मृत्यु को लेकर महाकुंभ को 'मृत्युकुंभ' कहा था और आरोप लगाया था कि अधिकारी वास्तविक संख्या नहीं बता रहे हैं। बनर्जी के बयान की व्यापक रूप से आलोचना हुई। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए अधिकारी ने बनर्जी के बयान की कड़ी निंदा की और इसे सनातन धर्म का अपमान बताया। उन्होंने मांग की कि इस टिप्पणी को विधानसभा के रिकॉर्ड से हटा दिया जाए। अधिकारी ने कहा, हमने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। हमने उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहने वाली इन टिप्पणियों को हटा दें। यह सनातन हिंदू धर्म का अपमान है और पश्चिम बंगाल के सनातनियों को यह स्वीकार नहीं होगा। सोमवार को अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल, बंकिम घोष और विश्वनाथ करक को 30 दिन के लिए या सत्र के अंत तक के लिए निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि वे सदन के आसन के सामने आ गए थे और कामकाज से संबंधित कागजात फाड़कर फेंक दिए थे।


**PWD (GOVT OF WB)**
**TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 80/City(E) of 2024-25** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for 2 (Two) nos. manpower supply works at Eden Garden Construction Sub Division are invited from bonafied bidders only having credential for similar nature of work. Bid submission closing date (online) will be on **06.03.2025 at 14.00 hrs. Tender ID: 2025_PWD_818455_1/2.** Other details may be seen from the web site: http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in .

Sd/-
Executive Engineer-I
City Division, P.W.D

**Office of the Executive Officer**
**Daspur II Panchayat Samity**
**Notice Inviting e-Tender**

**Memo No. 136 Dated: 17.02.2025**

**N.I.E.T. No. WBPMID/DASP2/EO/NIT-122 (24-25), Tender No.- T-01 to T-25/24-25**

The Executive Officer, Daspur II Panchayat Samity invites through e-Tendering for 22 (Twenty Two) nos. construction of Community Toilet, 3 (Three) nos. construction of Toilet. Intending bidders may access detailed information and respond from e-procurement portal of Government of West Bengal at https://wbtenders.gov.in Bid Submission Start Date (Online) :20.02.2025 at 09.00 AM. Bid Submission Closing Date (Online) :28.02.2025 at 03.00 PM

Sd/-
Executive Officer
Daspur II Panchayat Samity

**Name Change**

I, Bandana Kumari Singh, wife of Rakesh Kumar Singh, residing at 28A, Gadadhar Bhatta Road, Bhattanagar, Suryanagar, Bally (M), P. S.-Liluah, Howrah-711203, do hereby solemnly affirm and declare that my minor daughter's actual name is R.B.Anzel Singh and R.B.Anzel Singh and R.B.Anzel is the name of same and one identical person via affidavit before the 1st Class Judicial Magistrate at Howrah dated 24th January 2025.

**जन अधिसूचना**

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल**
**दिनांक 21.02.2025 को खड़गपुर मंडल के बेलदा-दांतन के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण करेंगे**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता दिनांक **21.02.2025** को खड़गपुर मंडल के बेलदा-दांतन स्टेशनों के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन को चालू करने हेतु एक निरीक्षण कार्य का संचालन करेंगे। दिनांक **21.02.2025** को इंस्पेक्शन स्पेशल, मोटर ट्रॉलियों, पुश ट्रॉलियों आदि द्वारा आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा एवं इंस्पेक्शन स्पेशल द्वारा गति परीक्षण किया जाएगा। सड़क उपयोगकर्ताओं, स्थानीय जनता और अन्य उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना को ध्यान में रखें और लाइन पार करते समय पर्याप्त सुरक्षा सावधानी बरतें और अतिक्रमण से बचें।

(PR-1161) **मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डेन रीच**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉटों के परिचालन हेतु संविदा की सुपुर्दगी**

सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025 दिनांक: 18.02.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉट के 03 वर्षों की अवधि के लिए संचालन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया **ई-नीलामी** लीजिंग प्रारूप के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एफईबी-3, **नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 04.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट सं.; स्टेशन के नाम** क्रमश: निम्नलिखित है: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीबीएई-टीडब्ल्यू-226-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); बैद्यबाटी। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-टीडब्ल्यू-59-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); बेहुला। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-टीडब्ल्यू-38-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); श्रीरामपुर।

(HWH-616/2024-25) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पे एंड यूज शौचालयों के लिए संविदा की सुपुर्दगी**

**सं.: सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022, दिनांक: 18.02.2025.** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत **बोलपुर** स्टेशन (कम्पोजिट), **अहमदपुर** स्टेशन (प्लेटफॉर्म सं. 1) में 03 (तीन) वर्षों की अवधि हेतु पे एंड यूज शौचालय के लिए नई संविदा की सुपुर्दगी। यह ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर सं. 11 ऑफ 2022 तथा कमर्शियल सर्कुलर सं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित की जाएगी। और अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-03-आर-25, **क्रमांक एवं लॉट सं./श्रेणी; स्टेशन :** (1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-टीओआई-55-24-1; बोलपुर (बीएचपी)। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एएमपी-टीओआई-39-24-1; अहमदपुर (एएमपी)। **नीलामी की तारीख एवं समय:** 04.03.2025 को दोपहर 12.30 बजे।

(HWH-617/2024-25) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 64-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25 के तहत ई-निविदा, दिनांक 18.02.2025;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल - निम्नलिखित कार्य के संबंध में दूरसंचार कार्य 1) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन खाना-आसनसोल मेन लाइन अनुभाग के बीच पुल सं. 520/बी की रिगार्डिंग तथा अन्य आनुषंगिक कार्य, 2) सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में पुल सं. 656 अप (4x18.3 मी) और पुल सं. 691 डाउन (3x18.3 मी), पुल सं. 637 अप एवं डाउन स्पैन - 2 (1x18.3 मी + 1x12.2 मी, पुल सं. 640 स्पैन - 2 (2x8.54 मी) + (3x18.30 मी), पुल सं. 663 स्पैन - 2 (1x18.30 मी) की रिगार्डिंग तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के साथ पुल सं. 640 की जैकेटिंग। 3) अंडाल-आसनसोल अनुभाग में रानीगंज-कालीपहाड़ी के बीच पुल सं. 509 (अप/2) की रिगार्डिंग एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। 4) आरपीएफ आउटपोस्ट गिरिडीह, कटोरिया एवं कालूबथान में 05 सीट क्षमता वाले 03 अदद आरपीएफ कार्यालय भवन का निर्माण। 5) 16 बीएन/आरपीएसएफ/आसनसोल में संलग्न शौचालय/स्नानागार, रसोईघर इत्यादि के साथ सम्पूर्ण रूप से सुसज्जित 50 बिस्तरों वाले (दोहरे बिस्तर वाले कमरे) स्टाफ बैरक का निर्माण। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 53,23,428.84; **बयाना राशि:** रु. 1,06,500; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/ इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (ASN-342/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**रेलवे लाभार्थियों की चिकित्सा के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू)**

**सं.: मेड/यूनिफाइड एमओयू/स्ट्रोक/हॉस्प टाई-अप/बीआरएसएच/2025**
**दिनांक: 20.02.2025**

चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह स्ट्रोक और अन्य विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए कोलकाता और आसपास के क्षेत्र के इच्छुक सरकारी/निजी अस्पतालों/सेंटरों से रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुपालन में बी.आर. सिंह अस्पताल के रेलवे लाभार्थियों के लिए नवीनतम सीजीएचएस दर पर दो(2) वर्ष के एकीकृत एमओयू टाई-अप में भाग लेने के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करते हैं। कोलकाता और आसपास के क्षेत्र के इच्छुक सरकारी/निजी अस्पताल/सेंटर रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से ईओआई प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं या चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय से कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान भी प्राप्त कर सकते हैं। आग्रह से संबंधित पत्र ईओआई प्रारूप में उल्लिखित अंतिम तिथि के अंदर जमा किया जाना चाहिए। रेलवे की वेबसाइट में अपलोड की गई ईओआई अधिसूचना का लिंक: **https://er.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=0&id=0,6,442,462,467,2223**

**चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# टेंगरा में दो महिलाओं और एक किशोरी की हत्या की पोस्टमार्टम में हुई पुष्टि, मामला दर्ज

**❑ दे परिवार की दोनों महिलाओं की हुई बर्बरता से हत्या व किशोरी के पेट में मिला जहर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टेंगरा इलाके में एक घर के अंदर दो महिलाओं और एक किशोरी के शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम से यह खुलासा हुआ कि इनकी हत्या की गई थी। पहले इन मौतों के संदर्भ में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम




रिपोर्ट ने हत्या की पुष्टि की। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और एक किशोरी शामिल थीं, जो अपने घर में मृत पाई गईं। वहीं, इस परिवार के तीन अन्य सदस्य बुधवार सुबह अपनी कार के एक मेट्रो रेल खंभे से टकरा जाने के कारण घायल हो गए थे। इन घायलों में से एक ने पुलिस को अपने घर में हुई मौतों के बारे में जानकारी दी थी, जिससे जांच का सिलसिला शुरू हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, दोनों महिलाओं के शवों के कलाई में कट के निशान और गले पर गहरे जख्म के निशान थे, जो यह दर्शाते हैं कि उनकी मौत चोटों के कारण हुई थी। वहीं, किशोरी की मौत जहर के कारण बताई गई है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है। टेंगरा के इस मकान में दो भाई प्रणय और प्रसून दे अपनी पत्नियों और बच्चों के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि परिवार चमड़े का कारोबार करता था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने मामले से जुड़े सबूत भी जुटाए हैं और खून के धब्बे मुख्य रूप से भोजन कक्ष और स्नानघर से पाए गए। इस बीच, कार दुर्घटना में घायल तीन लोगों की स्थिति अब स्थिर है और उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

## मेडिकल कालेजों में भर्ती में फर्जीवाड़ा : ईडी ने बंगाल में छह स्थानों पर की छापेमारी

**❑ कोटा के तहत दाखिला लेने के लिए फर्जी एनआरआइ प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल किया गया था**



**कोलकाता :** ईडी ने गुरुवार को गैर-निवासी भारतीय (एनआरआइ) कोटे के तहत निजी मेडिकल कालेजों में दाखिले में अनियमितताओं के संबंध में कोलकाता और उसके आसपास के छह स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। ईडी की छापेमारी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में दर्ज एक शिकायत के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कई निजी मेडिकल कालेजों में कोटा के तहत दाखिला लेने के लिए फर्जी एनआरआइ प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल किया गया था। इन फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर कई उम्मीदवारों ने एनआरआइ न होते हुए भी कोटा के तहत दाखिला लिया था। ईडी को जानकारी मिली थी कि निजी मेडिकल कालेजों में भारी नकद भुगतान के एवज में प्रवेश में इस तरह की अनियमितताएं की गई हैं। ईडी की जांच के दायरे में बंगाल में संचालित कुल आठ निजी मेडिकल कालेज हैं।

पिछले साल दिसंबर में भी केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने इस मामले में राज्य के कई स्थानों पर इसी तरह की छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था। बता दें कि एनआरआइ कोटे के तहत मेडिकल कालेज में दाखिलों में अनियमितताओं का मामला सबसे पहले बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पिछले साल सितंबर में उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि ऐसे कई दाखिलों में भारी नकदी लेनदेन के खिलाफ गंभीर अनियमितताएं थीं, जिसमें फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए दाखिला भी शामिल था। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर भी इस मामले में शामिल होने का आरोप लगाया था।

## आमता में नकली दवाइयों की सप्लाई करने वाली कंपनी पर ड्रग कंट्रोल विभाग का छापा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के आमता में गुरुवार को नकली दवाइयों की सप्लाई करने वाली एक कंपनी पर छापा मारा गया। राज्य ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों को गोदाम में लाखों रुपये की नकली दवाइयां बरामद हुईं। सूत्रों के मुताबिक कंपनी का नाम मन्ना एजेंसी है और कंपनी का मालिक बिहार के पटना से नकली दवाइयां लाकर राज्य के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था। बता दें कि, हाल ही में 24 परगना के एक दवाइयों के स्टोर में नकली दवाइयों का मामला सामने आया था। राज्य ड्रग कंट्रोल विभाग को सूचना मिलते ही तुरंत जांच शुरू की गई। जिसमें पाया गया कि आमता में मन्ना एजेंसी नामक कंपनी दवाइयां सप्लाई करती है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस एजेंसी ने 1 करोड़ 86 लाख रुपये की नकली दवाइयां बाजार में सप्लाई की हैं। इस मामले की आगे की कार्रवाई जारी है।

## प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के हिंदू हॉस्टल में छत का गिरा हिस्सा, अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के हिंदू हॉस्टल के 101 नंबर कमरे में बुधवार रात को एक छात्र के बिस्तर पर अचानक छत का एक हिस्सा गिर पड़ा। समाजशास्त्र के पोस्टग्रेजुएट प्रथम वर्ष के छात्र ऐष्णिक दत्त के बिस्तर पर यह मलबा गिरा, हालांकि उस समय वह कमरे में मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद हॉस्टल में हड़कंप मच गया और छात्रों ने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से कॉलेज के अधिकारियों को हिंदू हॉस्टल के कमरों की खराब स्थिति के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया।

हालांकि, डीन ऑफ स्टूडेंट्स अरुणकुमार माईती ने कहा,



बुधवार रात छत से प्लास्टर गिरने की सूचना मिली। हम जानते हैं कि यह पुरानी बिल्डिंग है और इसकी मरम्मत का जिम्मा पीडब्ल्यूडी के पास है। यदि हॉस्टल के किसी भी कमरे में छत में दरार दिखाई दे, तो पहले से सूचित किया जाना चाहिए था, ताकि उस पर कदम उठाया जा सकता था। लेकिन जो हुआ, वह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। उस कमरे और अन्य कमरों का निरीक्षण किया गया है।

## भाषा दिवस पर हाई कोर्ट में पूरे दिन होगी बांग्ला में सुनवाई! न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस की पहल

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट में पहली बार भाषा दिवस के अवसर पर पूरी सुनवाई बांग्ला में करने की तैयारी हो रही है। न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस ने यह घोषणा की है कि 21 फरवरी को 'मातृभाषा दिवस' के अवसर पर उनकी अदालत में सभी वकीलों को बांग्ला में ही दलीलें पेश करनी होंगी।

इससे पहले, हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने भी अपने कार्यकाल के दौरान एक दिन के लिए पूरी सुनवाई बांग्ला में की थी। अब उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए न्यायमूर्ति बोस ने यह कदम उठाने की इच्छा जाहिर की है।

**❑ न्यायमूर्ति बोस का विचार**

गुरुवार को एक मामले की



सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए अदालत में पूरे दिन बांग्ला में सुनवाई होगी। उन्होंने वकीलों से अनुरोध किया कि वे इस दिन अपनी दलीलें बांग्ला में ही रखें।

**❑ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

गौरतलब है कि 21 फरवरी 1952 को पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में भाषा आंदोलन के दौरान कई युवा प्रदर्शनकारियों को पाकिस्तान सरकार की पुलिस ने गोलियों से भून दिया था। वे बांग्ला को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। उनके बलिदान को सम्मान देने के लिए बाद में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मान्यता दी गई।

**❑ क्या होगी चुनौती?**

हालांकि, कलकत्ता हाई कोर्ट एक प्रीमियर चार्टर्ड कोर्ट है और यहां परंपरागत रूप से सुनवाई अंग्रेजी में होती आई है। निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक, भारतीय न्यायिक प्रक्रिया मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होती है। ऐसे में हाई कोर्ट में पूरे दिन बांग्ला में सुनवाई करने का यह प्रयोग कितना सफल होगा, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

## पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हत्या के मामले में वांछित दो आरोपी दिल्ली के आया नगर से गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** दिल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल में 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हुई एक राजनीतिक हत्या के मामले में वांछित दो भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान नूरशेद शेख (37) और अशरफ शेख (40) के रूप में हुई है, जिन्हें दिल्ली के आया नगर इलाके से पकड़ा गया। पुलिस ने कहा कि दोनों 12 मई, 2024 को पूर्वी बर्धमान के केतुग्राम में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व कार्यकर्ता मिंटू शेख की हत्या में शामिल थे। पीड़ित पर अपने साथी नजरुल इस्लाम के साथ मोटरसाइकिल से सुबीपुर गांव से लौटते समय बम, गोलियों और चाकू से हमला किया गया था।



मिंटू शेख की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भागने में सफल रहा। केतुग्राम में एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आगे की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जबकि नूरशेद और अशरफ शेख सहित दस लोग फरार थे। बाद में पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था।



आमता के विधायक सुकांत पाल की पहल पर खोड़प उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राज्य विधानसभा में बजट सत्र के पहले चरण के अंतिम दिन अध्ययन दौरे में हिस्सा लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स 2025) तिरुपति में आयोजित किया गया

**कोलकाता :** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स) तिरुपति के आध्यात्मिक हृदय में आयोजित किया गया, जो 1,500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के प्रतिष्ठित धार्मिक प्रमुखों की अभूतपूर्व सभा के साथ संपन्न हुआ। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के आख्यान में मूल्य-वर्धन करते हुए, इस कार्यक्रम ने मंदिर प्रशासन, स्थिरता और तकनीकी एकीकरण के भविष्य को आकार देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य किया, जबकि सनातन धर्म के कालातीत मूल्यों को सुदृढ़ किया। मंदिर स्वायत्तता, स्मार्ट मंदिर मिशन और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचारोत्तेजक चर्चाओं के साथ, आईटीसीएक्स 2025 ने मंदिरों को धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति के केंद्रों के रूप में फिर से परिभाषित करने में एक नया मानदंड स्थापित किया है। आईटीसीएक्स के अध्यक्ष प्रसाद लाड, जो महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य सचेतक भी हैं, ने शास्त्रों से उद्धृत किया: धर्मो रक्षति रक्षितः। यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म भी हमारी रक्षा करेगा। यह सनातन धर्म की विशेषता है – जो केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि कर्तव्य, सत्य और सेवा का भी प्रतीक है। भारत को 2047 तक एक विकसित, मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की बड़ी तस्वीर को ध्यान में रखते हुए, यदि मंदिरों और पूजा स्थलों की अर्थव्यवस्था को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ा जाता है, तो यह राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## उद्यमिता का विकास ही भारत को विश्वगुरु बना सकता है : कुशल अग्रवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** सूचना और प्रौद्योगिकी की क्रांति के इस दौर में उद्यमिता का विकास सबकी प्राथमिकता है। जो देश और समाज तकनीकी प्रगति को आत्मसात करके निरंतर विकास की धारा के अनुरूप आचरण करेगा। वहीं, प्रासंगिक बना रह सकेगा, इसलिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी इस ओर गंभीरता से विचार करे और जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए विज्ञान सम्मत अवधारणाओं को अपनाये। ये शब्द कुशल भारत समूह के निदेशक कुशल अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित निर्माण उत्सव स्टार्टअप फेयर 2025 के मौके पर कहे।

अग्रवाल ने कहा कि एआई



(आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की बढ़ती चर्चा के बीच हमें पुरानी सोच को दरकिनार करके नए तरीके से विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समझना होगा, अन्यथा हम पिछड़ जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध हो या शांति, अब सब कुछ नये पैमाने से परिभाषित हो रहे हैं। श्री अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल की प्रतिभा और दक्षता को चिन्हित करते हुए कहा कि यहां के नौजवानों को पढ़ाई के साथ-साथ यहां की कला और संस्कृति के औद्योगिक उपयोग पर भी चिंतन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को छोटे स्तर पर ही सही, उद्यमिता में हाथ आजमाने की सलाह दी। उनका मानना था कि जब उद्यमिता आंदोलन की शक्ल लेगी, तो विकास का मार्ग स्वतः प्रशस्त होगा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी के उपाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) सुब्रत कुमार दे सहित छात्र-छात्राओं की एक बड़ी संख्या भी मौजूद थी।

## कोलकाता के लालबाजार स्ट्रीट में इमारत का छज्जा गिरने से 78 वर्षीय व्यक्ति घायल

**कोलकाता :** कोलकाता के लालबाजार स्ट्रीट पर स्थित तोडी चैंबर्स नामक पांच मंजिला व्यावसायिक इमारत से बुधवार दोपहर चौथी मंजिल का कॉर्निस (छज्जे का हिस्सा) गिरने से एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा 12:25 बजे हुआ, जब 78 वर्षीय अमल बनर्जी वहां से गुजर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक इमारत के चौथे तल से कंक्रीट का एक बड़ा हिस्सा गिरा, जो सड़क से गुजर रहे अमल बनर्जी पर आकर गिरा। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं और तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें रेड ज़ोन के बेड नंबर 6 में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। यह घटना कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 45 के अंतर्गत आती है। प्रशासन अब भवन की संरचनात्मक जांच कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में इस तरह की कोई दुर्घटना न हो।

## रामपुरहाट-सैंथिया सेक्शन में चलाया गया टिकट जांच अभियान, 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के रामपुरहाट-सैंथिया खंड में गुरुवार को एक व्यापक टिकट जांच अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में हावड़ा डिवीजन के शाखा अधिकारियों, वाणिज्यिक कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और सुरक्षा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह पहल पूर्वी रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करना और सत्यापन यात्रा करने वाले यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। इस जांच अभियान में बिना उचित यात्रा टिकट के यात्रा करने वाले 88 मामलों में यात्रियों से जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही, 74 मामलों में बिना बुक किए गए सामान की जब्ती की गई और 7 व्यक्तियों को रेलवे परिसर में गंदगी



फैलाने के आरोप में पकड़ा गया। इस अभियान के परिणामस्वरूप कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पूर्व रेलवे का वाणिज्यिक विभाग डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में ऐसे टिकट जांच अभियानों का संचालन करता रहता है।

## बंगाल: बीएसएफ ने शरीर के पिछले हिस्से में सोना छिपाकर ले जा रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोने की तस्करी की पर्दाफाश करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 1.24 करोड़ रुपये मूल्य के 1.406 किलोग्राम सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। बल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बल ने बताया कि आरोपी अपने शरीर के पिछले हिस्से में सोने के बिस्कुट छिपाकर ले जाने की कोशिश कर रहा था।

उसने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी के संबंध में विशेष खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद उत्तर 24 परगना जिले के बिथारी सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने बुधवार को गहन तलाशी ली।

बल ने बताया कि इसके बाद संदिग्ध को पूछताछ के लिए बिथारी सीमा चौकी ले जाया गया, जहां उसने अपने शरीर में तस्करी का




सोना छिपा कर रखने की बात कबूल की। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया और मेडिकल जांच के लिए सारापुल सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

बीएसएफ ने बताया कि एक्स-रे से संदिग्ध के शरीर में सोने के बिस्कुट छिपे होने की पुष्टि हुई। चिकित्सकों ने बाद में कंडोम में रखे 12 सोने के बिस्किट निकाले। बरामद सोने का कुल वजन 1.406 किलोग्राम था, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़, 24 लाख 63 हजार 424 रुपये है।

उन्होंने बताया कि तस्कर को कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है और उन्हें ये सोना भी दे दिया गया है।

## मालदह डिवीजन में तीन लिमिटेड हाइट सबवे निर्माण के लिए ट्रेनों का संचालन संशोधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्थानीय यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मालदह डिवीजन के भागलपुर-जमालपुर खंड में तीन लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण किया जा रहा है। यह एलएचएस नाथनगर और अकबरनगर के बीच गेट संख्या 2ए, अकबरनगर और सुलतानगंज के बीच गेट संख्या 07 और सुलतानगंज और कल्याणपुर रोड के बीच गेट संख्या 11 पर स्थापित किए जाएंगे। इन एलएचएस के निर्माण के लिए 23 फरवरी को ब्लॉक लिया गया है। इस दौरान ट्रेनों के संचालन में कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके तहत, 23 फरवरी को 63423/63424 जमालपुर-कियूल-जमालपुर पैसेंजर और 73430/73429 जमालपुर-भागलपुर-जमालपुर पैसेंजर को रद्द किया गया है। 23 फरवरी को चलने वाली 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस को कियूल-झाझा-जसीडीह-दुमका के मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।

इसके अलावा, 23 फरवरी को चलने वाली 13409/13410 मालदह टाउन-कियूल-मालदह टाउन को भागलपुर में शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। 22 फरवरी को 13242 राजेंद्र नगर-बांका एक्सप्रेस को कियूल में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 23 फरवरी को 13241 बांका-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस को कियूल से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। 23 फरवरी को 63431/63432 साहिबगंज-जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर को भागलपुर में शॉर्ट टर्मिनेटेड/ शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। वहीं, 23 फरवरी को 12367 भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस को भागलपुर से 03 घंटे के लिए पुनःनिर्धारित किया जाएगा। इसी दिन, 13419 भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस को भागलपुर से 15:20 बजे छोड़ा जाएगा। इसके अलावा, 23 फरवरी को भागलपुर पहुंचने वाली 13424 अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस को मार्ग में 90 मिनट का नियंत्रण किया जाएगा।

## महाकुंभ जाते समय सड़क हादसे में दो की मौत 6 घायल



**बांकुड़ा :** जिले से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे एक परिवार की कार बुधवार रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और चार महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों में से एक महिला की हालत गंभीर है। बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर स्थित अयोध्या गांव के दो परिवारों के आठ सदस्य प्रयागराज के महाकुंभ स्नान के लिए कार से रवाना हुए थे। घर से कुछ दूर निकलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर यह हादसा हुआ। हादसे की भयावहता का अंदाजा क्षतिग्रस्त कार को देखकर लगाया जा सकता है। अगला भाग पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। हादसे में घायल कार चालक ने पूरे हादसे के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि उनके वाहन की स्पीड 70 से 80 किमी प्रति घंटा थी। जब उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर कुल्टी थाना क्षेत्र के चौरंगी चौराहे के पास पहुंची, तभी एक लॉरी ने कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद कार एक खड़े कंटेनर से जा टकराई और हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा। इस हादसे में शांतनु मुखर्जी (65) और शैलेन बनर्जी (60) की मौत हो गई। वहीं, शांतनु मुखर्जी के बेटे सौरभ मुखर्जी, पत्नी मनसा मुखर्जी, बहू अनन्या मुखर्जी (27), शैलेन बनर्जी की पत्नी रुम्पा बनर्जी, शैलेन के रिश्तेदार शिउली और चालक सोमनाथ चक्रवर्ती घायल हो गए। शिउली की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया है और घायलों का इलाज वहां चल रहा है।

## मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने गुरुवार को राजमहल स्टेशन पर एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में चिकित्सकीय विशेषज्ञों की एक टीम शामिल थी, जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सक मौजूद थे। इस शिविर में समग्र स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया, जिसमें लंबाई और वजन मापने के साथ-साथ बीएमआई की गणना, रैंडम ब्लड ग्लूकोज परीक्षण, ईसीजी और विभिन्न रक्त जांचें जैसे कि फास्टिंग ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, यूरिया और क्रिएटिनिन का आकलन शामिल थे। कुल 27 रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया। इसके अलावा, शिविर में आने वाले कर्मचारियों के लिए ग्लूकोमा स्क्रीनिंग भी की गई, ताकि समय पर पहचान और रोकथाम की देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

## हावड़ा डिवीजन में यात्री अनुभव और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्लेटफार्म सतह में सुधार कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से प्लेटफार्म सतह सुधार परियोजना की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों की शारीरिक पहुंच और सुरक्षा को बेहतर बनाना है, साथ ही स्टेशन सौंदर्यकरण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। हावड़ा डिवीजन में इस परियोजना के तहत प्लेटफार्मों की ऊंचाई बढ़ाने और चेकर्ड स्टाइल तथा एंटी-स्किड सामग्री का उपयोग करते हुए सतह को पुनः तैयार किया गया है। साथ ही, इन कार्यों के जरिए स्टेशन परिसर की सुंदरता में भी सुधार किया गया है। हावड़ा डिवीजन के विभिन्न उपनगरीय और गैर-उपनगरीय स्टेशनों में प्लेटफार्म ऊंचाई और सतह सुधार कार्य किए



गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में कार्य रामपुरहाट, मुरारई, नलहाटी, वर्दवान, चंचाई, नबग्राम, मासाग्राम, पाटुली, धात्रिग्राम, बेहाला, लक्ष्मीपुर, बालारामबती, मिर्जापुर, बांकीपुर, ,मधुसूदनपुर, हाजीगढ़, धनियाखाली, हिंदमोटर, लिलुआ और टाकीपुर हॉल्ट स्टेशनों पर पहले ही भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा, कामारकुंडु, मायापुर, पोराबाजार, नलहाटी, मोर्गराम और लक्ष्मीपुर स्टेशन पर भी काम जारी है। अपग्रेड किए गए स्टेशनों से यात्रियों को बेहतर माहौल मिलेगा, जो उनके यात्रा अनुभव को और अधिक सुखद बनाएगा।

# आरजी कर कांड : मुख्य न्यायाधीश ने पूर्व पुलिस आयुक्त के खिलाफ मामले से खुद को किया अलग

**❑ पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में विनीत गोयल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने गुरुवार को कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल के खिलाफ जनहित याचिका (पीआइएल) पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। यह याचिका पिछले साल अगस्त में सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की एक महिला जूनियर डाक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के सिलसिले में दायर की गई




थी। याचिका में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते समय पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में गोयल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ के समक्ष जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया मुख्य न्यायाधीश ने व्यक्तिगत आधार पर मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की इच्छा जताई। अब मामले को सुनवाई के लिए दूसरी खंडपीठ के पास भेजा जाएगा। पूर्व पुलिस आयुक्त के खिलाफ जब यह याचिका दायर की गई थी तब खंडपीठ ने तब केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को मामले में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया था, क्योंकि यह गोयल जैसे भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी सहित सभी केंद्रीय सेवा अधिकारियों का कैडर-नियंत्रण प्राधिकरण है। इसने डीओपीटी से एक हलफनामा भी मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करने के लिए किसी भी अखिल भारतीय सेवा अधिकारी के खिलाफ की जा सकने वाली कार्रवाई की प्रकृति पर स्पष्टीकरण मांगा गया हो। उसी महीने, केंद्र सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट को सूचित किया कि मामले में पूर्व शहर पुलिस आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में बंगाल सरकार पर कोई प्रतिबंध नहीं है। साथ ही केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को यह भी सूचित किया कि यदि राज्य सरकार कोई कार्रवाई शुरू नहीं करती है तो याचिकाकर्ता इस मामले में नई अपील कर सकता है। अब जब मुख्य न्यायाधीश ने मामले की आगे की सुनवाई से खुद को अलग करने का फैसला किया है, तो यह देखना होगा कि अब किस नई खंडपीठ को मामले की सुनवाई के लिए आवंटित किया जाता है। बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के वर्तमान अतिरिक्त महानिदेशक गोयल मामले की शुरुआत से ही शहर की पुलिस द्वारा कथित तौर पर उदासीन प्रारंभिक जांच को लेकर तीखी आलोचना के घेरे में आ गए थे, जब वे मामलों के शीर्ष पर थे। जूनियर डाक्टर शुरू से ही उन्हें पद से हटाने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आखिरकार मांग मान ली और गोयल की जगह मनोज कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया।

**❑ सियालदह कोर्ट ने मामले की जांच की प्रगति पर सीबीआइ से रिपोर्ट तलब की**

सियालदह कोर्ट ने गुरुवार को सीबीआइ से प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दरिंदगी की वारदात की जांच की प्रगति पर रिपोर्ट तलब की है। केंद्रीय जांच एजेंसी को अगले सोमवार तक यह रिपोर्ट जमा करनी होगी। पीड़िता के माता-पिता की याचिका पर ही सियालदह कोर्ट ने सीबीआइ से रिपोर्ट तलब की है।

## बांग्लादेशी आतंकियों से जुड़े होने के संदेह में नदिया से युवक गिरफ्तार

**❑ पूछताछ के दौरान जवाबों विसंगतियां मिलने के बाद किया गया गिरफ्तार**

**कोलकाता :** बांग्लादेशी आतंकियों से जुड़े होने के संदेह में बंगाल के नदिया जिले से बिप्लब बिस्वास उर्फ अब्दुल्ला नामक एक दिहाड़ी मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को कोलकाता में उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था और उसके जवाबों विसंगतियां मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उसे जिले की बहरमपुर अदालत में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने उसे तीन दिन की एफटीएफ हिरासत में सौंप दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ के अधिकारियों को मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना से गिरफ्तार दो



आतंकियों से पूछताछ के जरिए बिप्लब के बारे में जानकारी मिली थी। बिप्लब को नोटिस भेजकर जांच में सहयोग करने के लिए बुलाया गया। इससे पहले एसटीएफ ने उनसे तीन बार पूछताछ की थी। अपने खाते के लेन-देन और फोन पर बातचीत से संबंधित कई सवालों के जवाब देने में विफल रहने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया नाम

**कोलकाता, समाज्ञा**

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के मौके पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए अपना नाम दर्ज कराया। इस आयोजन में देशभर के छह विभिन्न स्थानों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट द्वारा आयोजित इस सातवें पशु विकास दिवस के तहत यह रिकॉर्ड स्थापित किया गया, जो कि एक ही दिन में आयोजित देश का सबसे बड़ा पशु देखभाल शिविर था। इस शिविर में 16 राज्यों के 500 स्थलों पर 1,90,000 लाभार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 1,50,000 पशु और 40,000 पशु मालिक शामिल थे। कंपनी के सीईओ शांतनु मित्रा ने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीण परिवारों में पशुओं के महत्व को उजागर किया गया और समाज कल्याण के प्रयासों को बल मिला। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के 6 हजार से अधिक कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर स्वामिनाथन सुब्रमण्यम ने कहा, कई स्थानों पर एक साथ सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हर किसी के लिए गर्व की बात है।

## तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने उर्वरक की कमी को लेकर कृषि मंत्री को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आज़ाद ने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर कहा है कि कई राज्यों से मिल रही रिपोर्ट में उर्वरकों की आपूर्ति में कमी का संकेत मिलता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में लोकसभा में दिए गए एक लिखित उत्तर की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया, जिसमें किसी भी कमी की बात से इनकार किया गया था। आजाद ने 11 फरवरी को लिखे पत्र में चालू रबी सत्र 2024-25 के दौरान डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कमी के संबंध में रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा द्वारा लोकसभा में दिए गए लिखित जवाब का हवाला दिया। मंत्रालय ने अपने जवाब में दावा किया कि एक अक्टूबर, 2024 से तीन दिसंबर, 2024 तक 35.52 लाख टन (एलएमटी) की आनुपातिक आवश्यकता के मुकाबले, राज्यों को कुल 38.27 लाख टन डीएपी उपलब्ध कराया गया था, जिसमें तीन दिसंबर तक 9.05 लाख टन का अंतिम स्टॉक था। आजाद ने कहा, 'यह जवाब न केवल टालमटोल वाला है, बल्कि तथ्यात्मक रूप से भ्रामक भी है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से संकेत देती है कि उर्वरकों की आपूर्ति में भारी कमी थी, जो सीधे तौर पर मंत्रालय के पर्याप्त उपलब्धता के दावे का खंडन करती है।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने 29 अक्टूबर, 2024 को एक आधिकारिक संचार में स्पष्ट रूप से कहा कि बार-बार अनुरोध और स्वीकृत आवंटन के बावजूद, राज्य को केवल 57,510 टन डीएपी प्राप्त हुआ, जो रबी सत्र के लिए इसकी स्वीकृत आवश्यकता का एक-तिहाई से भी कम है। उन्होंने कहा, 'यह एक चिंताजनक अंतर है, जिसने कृषि चक्र के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर किसानों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसके अलावा, जबकि मंत्रालय जोर देकर कहता है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जमीनी रिपोर्ट एक गंभीर वास्तविकता को उजागर करती है। उन्होंने कहा, 'यह इस तथ्य के बावजूद है कि पश्चिम बंगाल में सालाना 20 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन होता है। अगर उर्वरक उत्पादक राज्य खुद ही इतनी भयंकर कमी का सामना कर रहा है, तो कोई केवल उन राज्यों के किसानों की दुर्दशा की कल्पना कर सकता है जो पूरी तरह से बाहरी आपूर्ति पर निर्भर हैं।' उन्होंने कृषि मंत्री से इस संबंध में कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'इसमें और देरी से न केवल किसानों को नुकसान होगा, बल्कि देश की समग्र खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी।'



**विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बंगलार हाट का उद्घाटन करने पहुंची राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी**

## राज्य सरकार ने घाटाल मास्टर प्लान पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए हाई कोर्ट से मांगा दो सप्ताह का अतिरिक्त समय

**राज्य सरकार घाटाल रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने में विफल रही**

**कोलकाता :** राज्य सरकार घाटाल मास्टर प्लान पर रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने में विफल रही। राज्य सरकार ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए हाई कोर्ट से दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। राज्य की याचिका को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद की जाएगी। राज्य को उस दिन एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

पश्चिम मेदिनीपुर में घाटाल मास्टर प्लान कार्य की प्रगति के संबंध में हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। दो जनवरी को अदालत ने इस मामले पर राज्य का बयान जानना चाहा था। घाटाल मास्टर प्लान को लेकर हाई कोर्ट में मामला दायर होने के बाद कोर्ट जानना चाहा है कि परियोजना का क्रियान्वयन किस तरह चल रहा है। अब तक काम में कितनी प्रगति हुई है? इसके अलावा यह भी पूछा गया कि परियोजना पर कितनी धनराशि खर्च होगी तथा परियोजना पूरी होने में कितना समय लगेगा। अदालत ने राज्य के सिंचाई एवं जल परिवहन विभाग के सचिव को इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। राज्य के वकील ने कहा कि घाटाल मास्टर प्लान को लेकर स्थिति बदल गयी है। कुछ दिन पहले राज्य बजट में उस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए धनराशि आवंटित की गई है। इसलिए, रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो और सप्ताह की आवश्यकता है। घाटाल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन की मांग लंबे समय से चली आ रही है। इस परियोजना के कार्यान्वयन को लेकर केंद्र और राज्य के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है। इसके कारण परियोजना का काम काफी समय तक रुका रहा। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरामबाग में एक सभा में घोषणा की थी कि राज्य सरकार घाटाल मास्टर प्लान को अकेले ही लागू करेगी। उस समय तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने 31 दिसंबर 2024 तक घाटाल परियोजना शुरू करने का वादा किया था। कुछ दिन पहले राज्य बजट में इस परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

## बारिश, हवा व तूफान से महानगर सहित राज्य भर में जन जीवन प्रभावित

**❑ आकाशीय बिजली ने ली महिला श्रमिक की जान, चार घायल**

**कोलकाता :** ठण्ड के बाद जैसे ही मौसम ने करवट ली और लोगों ने पंखे व एसी चलाना क्या शुरु किया आज बेमौसम की बारिश, हवा व तूफान से महानगर कोलकाता सहित राज्य भर में जन जीवन पर असर पड़ा। इस दौरान ईंट भट्ठे पर काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई। इस घटना में चार अन्य श्रमिक घायल हो गये। यह दुर्घटना पुरुलिया के बोरो थाना क्षेत्र में हुई। कोलकाता समेत हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम बर्द्धमान सहित दक्षिण बंगाल के कई जिलों में गरज



के साथ बारिश हुई है। इन इलाकों में दिनभर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होने हुई। तमाम जगहों पर ओले भी पड़े। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चली। तमाम जगहों पर पेढ़ भी गिरे हैं। मौसम विभाग ने पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व और पश्चिम बर्द्धमान तथा हुगली में येलो अलर्ट जारी की है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, कोलकाता, पूर्व मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में रविवार तक आंधी-बारिश जारी रहने की संभावना है। हालांकि, सोमवार से मौसम में सुधार होने की उम्मीद जताई गई है। उत्तर बंगाल के जिलों में भी बारिश का पूर्वानुमान है। जलपाईगुड़ी और कूचबिहार सहित उत्तर बंगाल के अन्य जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, दार्जिलिंग में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान और असम में दोहरे चक्रवात के प्रभाव के कारण बंगाल में बारिश के ल अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। साथ ही, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात और पश्चिमी विक्षोभ के कारण भी राज्य में बारिश हो रही है।

## ट्रेन में युवती से छेड़छाड़ के आरोपी कोलकाता पुलिस का होमगार्ड गिरफ्तार

**कोलकाता :** दमदम रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेन में चढ़ते समय एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो कोलकाता पुलिस के कोस्टल डिविजन में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। इस घटना के बाद स्टेशन पर हंगामा मच गया और यात्रियों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई होगी। घटना बुधवार शाम करीब सात बजे की है। रोजाना की तरह दमदम स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। एक युवती अप-शांतिपुर लोकल ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी, तभी एक



व्यक्ति ने उसके साथ अश्लील हरकत की। अचानक हुई इस हरकत से युवती स्तब्ध रह गई, लेकिन तुरंत उसने विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसे मौके पर ही घेर लिया। युवती तुरंत दमदम जीआरपी थाने पहुंची और आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ की लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान दीपंकर सेन के रूप में हुई है। वह कोलकाता पुलिस के कोस्टल डिविजन में बतौर होमगार्ड तैनात है। इस घटना के चलते रेलवे स्टेशन पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कई यात्रियों ने इसे महिला सुरक्षा की गंभीर समस्या बताया। भीड़भाड़ वाले स्टेशनों और लोकल ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चंडीतला थाना प्रभारी को हावड़ा में लगी गोली

**हुगली :** जिले के चंडीतला थाना प्रभारी को हावड़ा के घोषपाड़ा पेट्रोल पंप के सामने गोली लगी। गोली उस वक़्त लगी जब वह अपनी नीले रंग वाली कार में हावड़ा के घोष पाड़ा पहुंचे थे। तभी उनके हाथ पर गोली लगी। गोली किसने चलाई और किस वजह से चली यह पुलिस पता लगा रही है। यह घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही बंतरा और शिबपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से एक गोली का खोखा बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोली लगने वाले अधिकारी का नाम जयंत पाल है। वह हुगली जिले चंडीतला प्रभारी के तौर पर कार्यरत है। उन्हें हावड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय अधिकारी के साथ



कुछ लोग थे। घटनास्थल पर एक कार मिली है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। अस्पताल में अधिकारी से पूछताछ की जा रही है। हावड़ा सिटी पुलिस के उच्च पदस्थ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस घटना के सही कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी के साथ उस कार में एक महिला भी सवार थी। पुलिस मामले की सघनता से जाँच कर रही है। हलांकि इस मामले में हुगली ग्रामीण पुलिस के आला अधिकारीयों की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी जारी हुआ है।

गुरुवार सुबह से यह मामला चर्चा में रहा। जैसे-जैसे समय बीतता गया, अधिक जानकारी प्रकाश में आती गई। सूत्रों का कहना है कि चंडीतला पुलिस स्टेशन के प्रभारी जयंत पाल और उनकी प्रेमिका से हुए विवाद के बाद गोली चली। पता चला है कि जो महिला पुलिस अधिकारी जयंत के साथ थी वह वास्तव में इस पुलिस अधिकारी की प्रेमिका है।

बताया गया जा रहा है कि गोली उनके बाएं हाथ में गोली लगी। उस महिला को गिरफ्तार किया गया। शुरू से ही यह सवाल उठ रहा था कि अधिकारी को गोली कैसे लगी। समय के साथ इस घटना के रहस्य से पर्दा उठा।

शुरुआत में पता चला था कि जयंत पाल की गर्लफ्रेंड का नाम इति दाम है। उपनाम टीना है। वह हावड़ा के संकरैल की निवासी है एवं हावड़ा के एक बार में काम करती है। बताया जा रहा है कि कई महीनों से चंडीतला के कार्यवाहक प्रभारी हावड़ा उससे मिलने जाते थे। बुधवार को जयंत अपनी गर्लफ्रेंड के साथ खरीदारी करने गए। ज्ञातव्य है कि वे लगभग 28 से 30 हजार मूल्य की खरीदारी की ।

सूत्रों के अनुसार, इसके बाद टीना और जयंत के बीच इस बात को लेकर बहस शुरू कर दी। फिर नौबत मारपीट तक आ पहुंची। इसके बाद गोली चली। नियमानुसार यदि आप अपने थाना क्षेत्र से बाहर जाते है तो आपको अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करना होता है । लेकिन थाना प्रभारी ने ऐसा नहीं किया। ऐसा विशेष सूत्र बताते हैं। वह गैरकानूनी रूप से अपने पुलिस थाना क्षेत्र से बाहर चले गए। इतना ही नहीं, वे सरकारी वाहन की बजाय एक अन्य निजी वाहन पर पुलिस का स्टिकर लगाकर हावड़ा पहुंचे। सूत्रों के अनुसार जयंत ने उस इलाके में एक फ्लैट किराए पर लिया था। वह कभी-कभी वहाँ आया जाया करते थे।

### इकबालपुर में युवती का शव बरामद



**कोलकाता :** कोलकाता के ब्रॉनफेल्ड रो में 19 वर्षीय नज़बिन खातून की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से मौत हो गई। घटना 20 फरवरी दोपहर 1 बजे के करीब हुई, जब वह अपने घर के ग्राउंड फ्लोर स्थित कमरे में दुपट्टे से पंखे से लटकती पाई गईं। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शव को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नज़बिन के परिवार व पति से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद परिजनों में शोक की लहर है।

## रेलवे बिजलीकरण पूर्ण होने की ओर लामडिंग-डिब्रूगढ़ सेक्शन

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर ने 19 और 20 फरवरी, 2025 को मरियानी-शिमलगुड़ी और शिमलगुड़ी-डिब्रूगढ़ सेक्शन वाया मराणहाट पर चल रहे बिजलीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य पूर्ण होने पर, डिब्रूगढ़ ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) के माध्यम से सीधे गुवाहाटी से जुड़ जाएगा, जिससे डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस और अन्य सुपरफास्ट ट्रेनें इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर चल सकेंगी। शिमलगुड़ी-तिनसुकिया सेक्शन का बिजलीकरण अपने अंतिम चरण पर है, जिसे 25 मार्च, 2025 तक कमीशंड होने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय रूप से, लामडिंग-डिमापुर-फरकाटिंग-मरियानी सेक्शन पहले ही चालू हो चुका हैं। इसके अतिरिक्त, 31 जनवरी 2025 को मरियानी-



शिमलगुड़ी-डिब्रूगढ़ सेक्शन में विद्युत इंजन का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया, जो इस क्षेत्र के रेलवे बिजलीकरण प्रयासों में एक महत्व-पूर्ण माइलस्टोन है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधीन शिमलगुड़ी-डिब्रूगढ़ सेक्शन और संबंधित साइडिंग सहित लामडिंग-डिब्रूगढ़ मार्ग वाया तिनसुकिया के लिए रेलवे बिजलीकरण परियोजना तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। लामडिंग और तिनसुकिया मंडलों में चल रही यह परियोजना मई 2022 में भौतिक रूप से शुरू हुई थी और इसमें व्यापक बुनियादी संरचना का विकास शामिल है। इस परियोजना में 488 आरकेएम/650 टीकेएम ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई), पांच ट्रैक्शन सबस्टेशन, 29 स्विचिंग स्टेशन और 50 किलोमीटर से अधिक की पांच ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना शामिल है। इसके अतिरिक्त, इसमें पांच ओएचई/पीएसआई डिपो, पांच टावर वैगन शेड और 121 स्टाफ क्वार्टर, प्रशासनिक भवन और स्टेशन अपग्रेड सहित कई सिविल संरचनाओं का निर्माण शामिल है। इस परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण बुनियादी संरचना में बढ़ोतरी मनकट्टा में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का पुनर्निर्माण शामिल है, जिसका उद्देश्य डिब्रूगढ़ और डिब्रूगढ़ टाउन स्टेशन पर कनेक्टिविटी में सुधार करना है।

## दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज से 'कोसों दूर' : सागरिका घोष

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजधानी की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज से 'कोसों दूर' हैं। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता घोष ने आरोप लगाया कि यह 'नयी भाजपा है जहां निंदनीय तरीके से गाली गलौज और कटुता सामान्य बात हो गई है।' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा अतीत में इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा और असभ्यता से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जो परेशान कर देने वाली हैं। वह कड़ी मेहनत करने वाली और शालीन शीला दीक्षित



तथा प्रखर वक्ता और सांसद सुषमा स्वराज से कोसों दूर है।' तृणमूल के एक अन्य सांसद साकेत गोखले ने कहा, 'आज विडंबना यह है कि नफरत फैलाने वाले और दिल्ली में 2020 के दंगों में भीड़ को उकसाने वाले कपिल मिश्रा को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, उमर खालिद को बिना किसी सबूत के, बिना किसी मुकदमे के 4.5 साल से अधिक समय जेल में बिताना पड़ा।' गोखले ने कहा, 'काश हमारी अदालतें यूट्यूबर्स और 'अश्लीलता' के बजाय अभद्र भाषा पर गौर करतीं।' उन्होंने स्पष्ट तौर पर उच्चतम न्यायालय में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े विवाद पर सुनवाई का संदर्भ दिया। दिल्ली सरकार के बृहस्पतिवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में कपिल मिश्रा ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से एक दिन पहले जाफराबाद में सीएए/एनआरसी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन पर भाषण देकर विवाद खड़ा कर दिया था। छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखने वाली एवं पहली बार की विधायक रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलात्कार के आरोपी कांग्रेस सांसद की जमानत याचिका पर नहीं हो सकी सुनवाई

**लखनऊ:** बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद राकेश राठौड़ की जमानत याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ बृहस्पतिवार को समय की कमी के कारण सुनवाई नहीं कर सकी। अब इस मामले की सुनवाई 24 फरवरी को होगी। इस बीच, अदालत ने शासकीय वकील के साथ-साथ पीड़िता के वकील को 24 फरवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा। इससे पहले, न्यायमूर्ति चौहान ने 29 जनवरी को सीतापुर से कांग्रेस के सांसद राठौड़ की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद पुलिस ने 30 जनवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

### सहारनपुर में 60 लाख रुपये की चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर में पुलिस ने स्वापक रोधी बल (एएनटीएफ) की मेरठ इकाई के साथ मिलकर दो तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से 60 लाख रुपये से अधिक मूल्य की चरस जब्त की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी। सहारनपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत मंडी पुलिस और एएनटीएफ द्वारा मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई के तहत पीर वाली गली के पास से दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया गया।' उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान नेपाल के गणेशपुर के लोहरौला गांव निवासी महेंद्र भर और शामली के कैराना निवासी शादाब उर्फ हक्कल के रूप में हुई है। उनके मुताबिक, पूछताछ के दौरान महेंद्र भर ने कुबूल किया कि वह नेपाल से चरस की तस्करी लाता था और नशीले पदार्थ को शादाब को देता था, जो इसे सहारनपुर, शामली, गाजियाबाद और अन्य इलाकों में बेचता था।

# उत्तर प्रदेश बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि पर सरकार का विशेष जोर

- कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी देगी
- 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट पेश

**लखनऊ:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए पहले से जारी सभी योजनाओं को आगे बढ़ाने और छात्रा-छात्राओं को आधुनिक व तकनीकी शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया गया है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार राज्य सरकार ने शिक्षा के लिए 1,06,360 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य सेवा के लिए 50,550 करोड़ रुपये और कृषि व ग्रामीण विकास के लिए 89,353 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित करने का प्रावधान किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित बजट पेश किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं के विकास के लिये 2000 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान है। बयान में कहा गया है कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र के लिए 61,070 करोड़ रुपये, सिंचाई के लिए 21,340 करोड़ रुपये, भारी और मध्यम उद्योगों के लिए लगभग 24,000 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 25,308 करोड़ रुपये, आवास और शहरी नियोजन के लिए 7,403 करोड़ रुपये और नागरिक उड्डयन के लिए 3,152 करोड़ रुपये आवंटित किए जाने का प्रावधान है। कुल बजट का 13 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करने का प्रावधान किया गया है, जिससे प्राथमिक और उच्च शिक्षा, स्कूल के बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निवेश होने की उम्मीद है। बजट का छह प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटित करने का प्रावधान है। इसके अलावा कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों के लिए बजट का 11 प्रतिशत हिस्सा आवंटित किया जाना है।



### उत्तर प्रदेश का 2025-26 का बजट 'वंचित को वरीयता' की मूल्य भावना पर आधारित : आदित्यनाथ


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सनातन संस्कृति की 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार का बजट 'वंचित को वरीयता' की मूल भावना पर आधारित है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

### चार नये एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए बजट में प्रावधान प्रस्तावित

बजट में चार नये एक्सप्रेस-वे के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। इसमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, जनपद हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे प्रस्तावित है। इसके अलावा गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए और इसे सोनभद्र से जोड़ते हुए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे तथा बुन्देलखंड रीवा एक्सप्रेस-वे के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। बजट में ग्रीन एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए 900 करोड़ रुपये, विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए 50 करोड़ रुपये, गंगा एक्सप्रेस वे विस्तारीकरण के लिए 50 करोड़ रुपये और बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेस वे के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेंस इंड्रस्टियल कॉरिडोर परियोजना के लिए 461 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

## मायावती के भाजपा विरोधी मोर्चे में शामिल नहीं होने का अफसोस है : राहुल

**रायबरेली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में शामिल नहीं होने से निराशा हुई थी। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौर पर आज पहुंचे लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने यहां बरगद चौराहे के पास 'मूल भारती' छात्रावास के अनुसूचित जाति के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत की। गांधी ने छात्रों से भारतीय राजनीति में बसपा के संस्थापक कांशीराम की भूमिका के



बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि कांशीराम जी ने नींव रखी और बहनजी (मायावती) ने उस पर निर्माण किया।' इसके बाद उन्होंने मायावती के मौजूदा राजनीतिक रुख पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं चाहता था कि बहनजी हमारे साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ लड़ें, लेकिन किसी कारण से उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह बेहद निराशाजनक है। अगर तीनों पार्टियां एकजुट होतीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत पाती।' समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने पिछले साल हुआ लोकसभा चुनाव 'इंडिया' गठबंधन के तहत साथ मिलकर लड़ा था और उसने सफलता हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीती थीं। गांधी ने बड़े कॉरपोरेट समूहों की आलोचना करते हुए दावा किया कि नौकरियां 'अम्बानी और अदाणी से नहीं आती हैं, बल्कि छोटे व्यवसायों से मिलती हैं।'

### मायावती ने राहुल पर पलटवार किया, कांग्रेस को 'जातिवादी' और 'दोहरे चरित्र' वाली पार्टी बताया



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उनकी पार्टी के मौजूदा राजनीतिक दृष्टिकोण पर सवाल उठाने के बाद कांग्रेस पर 'दोहरे चरित्र वाली जातिवादी' पार्टी होने का आरोप लगाया। मायावती ने 'एक्स' पर कहा, 'कांग्रेस पार्टी जिन राज्यों में मजबूत है या जहां उनकी सरकारें हैं वहां बसपा व उनके अनुयायियों के साथ द्वेष व जातिवादी रवैया है, किन्तु उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां कांग्रेस कमजोर है, वहां बसपा से गठबंधन की बरगलाने वाली बातें करना उस पार्टी का दोहरा चरित्र नहीं तो और क्या है?' मायावती ने यह पोस्ट लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बृहस्पतिवार को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बसपा पर 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा विरोधी मोर्चे 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') से दूर रहने का आरोप लगाने के बाद की है।

## न्यूज अपडेट

### संभल हिंसा मामले में आरोपी महिला सुबूतों के अभाव में रिहा

**संभल (उप्र):** संभल की एक अदालत ने पिछले साल यहां हुई हिंसा के मामले में आरोपी महिला को सुबूतों के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) आदित्य सिंह ने आरोपी फरहाना को एक लाख रुपये के जमानत बांड पर रिहा करने का आदेश जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि वह इस मामले में रिहा होने वाली पहली आरोपी है। पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 29 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने फरहाना सहित 79 लोगों को गिरफ्तार किया था। फरहाना के वकील ग़नी अनवर ने कहा कि उसे एक मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में जांच के दौरान उसे निर्दोष पाया गया।

### रात में भी जगमगाएगा अयोध्या का राम मंदिर

**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर जल्द ही रात में रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाएगा। श्री जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि मंदिर निर्माण समिति की बैठक में इस परियोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की मौजूदा संख्या और आगामी रामनवमी उत्सव के दौरान आने वाली भीड़ को देखते हुए सुविधाओं के विस्तार पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने बताया कि बैठक में गर्मियों के दौरान पेयजल, छाया और सार्वजनिक संसाधनों जैसे क्षेत्रों में सूक्ष्म प्रबंधन की जरूरत पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंदिर में प्रतिदिन चार से पांच लाख लोग आ रहे हैं तथा अयोध्या शहर के प्रवेश मार्गों पर करीब एक हजार बसें खड़ी हैं और अयोध्या में हर समय 10 लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। राय ने कहा, ''परिणामस्वरूप, भगवान राम को 18 घंटे तक जागना पड़ता है क्योंकि मंदिर लंबे समय के लिए खुल रहा है।'' उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को तेजी से बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। मंदिर को जगमगाने के लिए कई निर्माता कंपनियों ने 'लाइटिंग डिस्प्ले' का प्रदर्शन किया है। राय ने बताया कि सुविधाओं को बढ़ाने के बारे में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

### झारखंड बोर्ड: दसवीं कक्षा की हिंदी, विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद परीक्षा रद्द

**रांची:** झारखंड शैक्षणिक परिषद (जेएसी) ने 10वीं कक्षा की हिंदी और विज्ञान विषय के प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो जाने और सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है। हिंदी की परीक्षा 18 फरवरी को आयोजित की गई थी, जबकि विज्ञान की परीक्षा 20 फरवरी को होनी थी। परिषद ने एक नोटिस में कहा, "सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों, परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर, 18 फरवरी को पहली पाली में हुई हिंदी (पाठ्यक्रम ए और पाठ्यक्रम बी) की परीक्षा और 20 फरवरी को पहली पाली में प्रस्तावित विज्ञान विषय की परीक्षा को रद्द किया जाता है।''

### बीमार मां को घर में बंद कर पत्नी और बच्चों के साथ महाकुंभ गया बेटा

**रामगढ़:** झारखंड के रामगढ़ जिले में एक व्यक्ति ने अपनी बीमार मां को कथित तौर पर घर में बंद कर दिया और पत्नी, बच्चों तथा ससुराल वालों के साथ महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज चला गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बुधवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर कॉलोनी में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के एक क्वार्टर से 65 वर्षीय महिला को मुक्त कराया। पुलिस ने बताया कि महिला सोमवार से घर में बंद थी और चूड़ा खाकर जिंदा थी। पड़ोसियों को उसके बारे में तब पता चला जब वह भूख के कारण सहायता के लिए चिल्लाने लगी।

समाज्ञा CINE मंत्र

## बॉक्स ऑफिस पर 'छावा' की जारी है तूफानी रफ्तार, पहले हफ्ते में कमाई 200 करोड़ के पार

मैडॉक फिल्म्स के लिए इस साल की शुरुआत काफी अच्छी रही है। पहले 'स्काई फोर्स' ने 100 करोड़ का कलेक्शन किया और अब 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। आइए जानते हैं कि पहले सप्ताह में विक्की कौशल अभिनीत इस फिल्म ने कितना कारोबार किया है।



**बॉक्स ऑफिस पर छाई 'छावा'**

लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर छा गई है। फिल्म ने टिकट खिड़की पर अब तक शानदार कलेक्शन किया है। फिल्म की छप्परफाड़ कमाई के बाद यह इस साल की सबसे ज्यादा कारोबार करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। साथ ही, विक्की कौशल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में भी यह दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। पहले नंबर पर साल 2019 में आई फिल्म 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' है।

**पहले हफ्ते में छावा ने बटोरे इतने करोड़**

'छावा' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले छह दिनों में 197.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक सातवें दिन फिल्म ने 17.61 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन अब 215.36 करोड़ रुपये हो गई है।

सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पीरियड वॉर ड्रामा हिंदी फिल्मों की अगर बात की जाए तो इसमें पहले पायदान पर 'पद्मावत' है। वहीं, दूसरे नंबर पर 'तान्हा जी द अनसंग वॉरियर' है। 'छावा' तीसरे नंबर पर इस सूची में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही है।

## जैकी ने रकुल को दिया एनिवर्सरी गिफ्ट

रकुल प्रीत सिंह, भूमि पेडनेकर और अर्जुन कपूर की आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस दिन रकुल प्रीत और जैकी भगनानी की शादी की सालगिरह भी है। जैकी ने इस खास मौके पर अपनी पत्नी और अभिनेत्री को एनिवर्सरी गिफ्ट के तौर पर पहले शुक्रवार को एक टिकट पर एक फ्री देने का एलान किया है। इसकी एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह ऑफर केवल चुनिंदा सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में मान्य होगा।



**सोशल मीडिया पर पोस्ट कर किया एलान**

निर्माताओं ने गुरुवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट की। उन्होंने पोस्ट में फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, एक टिकट पर दो एंट्री केवल शुक्रवार को। हर चीज का मजा डबल से ही आता है, बिल्कुल हमारे अंकुर चड्ढा की तरह।

**लव ट्रायंगल पर आधारित है फिल्म**

रकुल, भूमि और अर्जुन की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित है। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में पूरी स्टार कास्ट लगी हुई है। इस फिल्म को मुदस्सर अजीज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के ट्रेलर में रकुल और भूमि अर्जुन के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आईं। निर्माताओं ने ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा था, इस सीजन के सबसे बड़े सियाप्पा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ये लव ट्रायंगल नहीं, फुल सर्कल है!

**फिल्म की स्टार कास्ट**

फिल्म में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह, भूमि पेडनेकर के साथ स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, आदित्य सील, शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। निर्देशक मुदस्सर अजीज ने इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

### 30 हजार लोगों के सामने हो गया था हादसा, भूमि ने बताया- तब नहीं आई हंसी, अब आती है

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने उस वक्त के बारे में बात की है जब वह 30 हजार लोगों के सामने स्टेज पर गिर गई थीं। भूमि पेडनेकर ने बताया है कि वह स्टेज के सही से न लगने की वजह से वह गिर गई थीं। इससे उनके बहुत शर्मिंदगी हुई थी परफॉर्मेंस के दौरान गिर गईं भूमि

बॉलीवुड बबल से बातचीत के दौरान भूमि पेडनेकर ने कहा कि वह 'दम लगा के हईशा' के लिए एक लाइव परफार्मेंस होस्ट कर रही थीं। इसमें वह 'ओले ओले' गाने में सैफ अली खान से मिलीं। तभी उनका बैलेंस बिगड़ा और वह 25 से 30 हजार लोगों के सामने गिर पड़ीं। जैसे ही वह गिरीं सारे लोग उन पर हंसने लगे। हालांकि उनको इस पर हंसी नहीं आई। हालांकि, अब वह इस बात को सोंचकर हंसती हैं।



## कीर्ति कुल्हारी ने खोली स्टार्स के पीआर गेम की पोल

हाल ही में एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड के स्टार्स के पीआर गेम की पोल खोल दी। कीर्ति बताती हैं कि साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें पीआर गेम के बारे में पता चला।



**पिंक में निभाया अहम रोल**

फिल्म 'पिंक' में अमिताभ बच्चन के अलावा तापसी पन्नू के अलावा कीर्ति कुल्हारी ने भी अहम रोल निभाया था। फिल्म की कहानी तीन लड़कियों की जिंदगी के आसपास थी। लेकिन जब प्रमोशन हो रहा था तो कीर्ति की चर्चा नहीं हो रही थी। इसकी वजह कीर्ति पीआर गेम को बताती हैं।

**कीर्ति ने किया तापसी का जिक्र**

कीर्ति कुल्हारी हालिया दिए अपने इंटरव्यू में बताती हैं कि फिल्म 'पिंक' की को-एक्ट्रेस तापसी का रवैया उनके लिए अच्छा रहा। लेकिन जब फिल्म 'पिंक' का प्रमोशन हो रहा था तो तापसी की ज्यादा चर्चा थी। इस पीआर गेम को मैंने दिल पर ले लिया। कीर्ति यह भी बताती हैं कि उनका पीआर गेम उस समय बिल्कुल जीरो था। यह सब कैसे काम करता है, उन्हें पता ही नहीं था।

**मिशन मंगल के समय सर्तक हो गईं कीर्ति**

आगे जब कीर्ति ने फिल्म 'मिशन मंगल' साइन की तो मेकर्स को कह दिया था कि उन्हें फिल्म में बराबर का रिप्रेजेंटेशन चाहिए। इस फिल्म में विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा जैसे एक्ट्रेस नजर आई थीं। अक्षय कुमार भी फिल्म का हिस्सा थे।

**हिमेश रेशमिया के साथ फिल्म में नजर आईं**

पिछले दिनों सिंगर से एक्टर बने हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रविकुमार' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी भी नजर आईं। उनका फिल्म में काफी बोल्ड लुक दिखा। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली है। लेकिन इस फिल्म का हिस्सा बनकर वह खुश हैं।

## अतीत कभी शांत नहीं रहता, धांसू अंदाज में मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' का किया एलान

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जल्द ही दृश्यम फ्रेंचाइजी के अगले भाग में नजर आने वाले हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। गुरुवार (20 फरवरी) को इस बात यह पुष्टि की कि वह फिल्मकार जीतू जोसेफ के साथ 'दृश्यम 3' में काम करने जा रहे हैं।

**मोहनलाल ने कंफर्म की दृश्यम 3**

मोहनलाल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा, अतीत कभी शांत नहीं रहता। दृश्यम 3 कंफर्म। इस एलान के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। लोग सोशल मीडिया पर कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्लासिक क्रिमिनल वापस आ रहा है। एक और यूजर ने लिखा, इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। इसके अलावा और भी यूजर्स कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

**2013 में आई थी फिल्म**

'दृश्यम' फिल्म जॉर्जकुट्टी (मोहनलाल) और उनके परिवार की संघर्षपूर्ण कहानी को बयां करती है। फिल्म में वह उस समय संदेह के घेरे में आ जाते हैं जब पुलिस इंस्पेक्टर जनरल के बेटे की हत्या हो जाती है। इस फिल्म को एंटनी पेरुंबवूर ने आशीर्वाद सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया था। यह साल 2013 में बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी।

**2022 में आया था सीक्वल**

फिल्म के सफलता को देखते हुए 'दृश्यम' का सीक्वल 'दृश्यम 2' 2022 में रिलीज किया गया था। यह फिल्म भी दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आई थी। 'दृश्यम' की अपार सफलता और सराहना के बाद अब तक इस फिल्म को कई भाषाओं में रीमेक किया जा चुका है। इनमें हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, चाइनीज और सिंहली भाषा शामिल हैं।

**हिंदी में फिल्म रही थी जबर्दस्त हिट**



हिंदी में बनी दृश्यम फ्रेंचाइजी की फिल्मों में अजय देवगन नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर हिंदी संस्करण ने जमकर कमाई की थी। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी फिल्म के दूसरे भाग ने टिकट खिड़की पर 239.67 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई पुलिस को उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जांच जारी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस को बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल सुबह गोरेगांव और जे जे मार्ग पुलिस थानों में मिले, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हुई। अधिकारी ने बताया, प्रेषक के 'आईपी एड्रेस' का पता लगाया जा रहा है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि एक धमकी भरा फोन आया था। इस बीच, विपक्षी दलों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य सतेज पाटिल ने कहा कि शिंदे को मिली धमकी से लोगों में संदेह पैदा हो गया है कि देश में कानून-व्यवस्था है या नहीं। पाटिल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री को उचित सुरक्षा दी जानी चाहिए।

### नयी दिल्ली स्टेशन भगदड:आठ से 16 नंबर तक के प्लेटफार्म पर ट्रेन को लेकर आरपीएफ से लेनी होगी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली रेल संभाग ने एक नया प्रोटोकॉल अपनाया है जिसके तहत स्टेशन अधिकारी नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर आठ से 16 तक पर किसी भी ट्रेन के आगमन से पहले रेलवे सुरक्षा बल से मंजूरी लेंगे। यह निर्णय 15 फरवरी को प्लेटफार्म संख्या 14 के पास सीढ़ी पर हुई भगदड़ जैसी घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए लिया गया है। भगदड़ की इस घटना में 18 यात्रियों की मौत हो गयी थी और कई अन्य घायल हो गए थे। आम तौर पर आठ से 16 तक के प्लेटफॉर्म पर प्रयागराज, पटना, कानपुर, लखनऊ, हावड़ा आदि पूर्वी क्षेत्रों से आने वाली या वहां से जाने वाली सभी ट्रेन ठहरती हैं तथा महाकुंभ के कारण इन सभी ट्रेन में यात्रियों की बहुत भीड़ होती है।

### महाकुंभ में गंगा जल की शुद्धता को लेकर संदेह दूर करने के लिए सरकार ने वैज्ञानिक का हवाला दिया

**महाकुंभ नगर/लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति जारी कर एक वैज्ञानिक के हवाले से महाकुंभ में गंगा जल की शुद्धता के बारे में संदेह को दूर करने का प्रयास किया और कहा कि नदी का पानी क्षारीय जल की तरह शुद्ध है। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 13 जनवरी से प्रयागराज में जारी महाकुंभ में अब तक 58 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी संगम के जल में डुबकी लगाई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के संदर्भ में यह विज्ञप्ति जारी की है, जिसमें महाकुंभ में गंगा जल की गुणवत्ता पर संदेह जताया गया था। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है, प्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय कुमार सोनकर ने संशयवादियों को चुनौती दी है और वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ गंगा की पवित्रता के बारे में संदेह को खारिज किया है।

### महाकुंभ के अंतिम सप्ताह में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए 'होल्डिंग एरिया' बनाए गए

**नयी दिल्ली :** रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अंतिम सप्ताह के दौरान तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या की संभावना के मद्देनजर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 'होल्डिंग एरिया' बनाए हैं। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रेलवे ने विभिन्न स्टेशन पर ऐसे समय में ये 'होल्डिंग एरिया' (यात्रियों के ठहरने के लिए स्थान) बनाये हैं, जब नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को भगदड़ मच जाने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। रेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान जारी कर यात्रियों से सहयोग करने और सुचारू एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आधिकारिक दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने बताया कि रेलवे ने उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 'होल्डिंग एरिया' स्थापित किए हैं।

# भाजपा सरकार दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी: शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित हुईं रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने 'धोखे और वादाखिलाफी के राज' को समाप्त कर सेवा और समर्पण की पर्याय भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा, ''आज नवगठित भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता तथा अन्य सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के वंचितों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विकसित दिल्ली का जो विजन बनाया है, वह आप सभी के कुशल नेतृत्व में निश्चित साकार होगा। भाजपा सरकार दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी।'' हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुई हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं।

# उत्तराखंड सरकार ने पेश किया एक लाख करोड़ रुपये का बजट



**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,01,175.33 करोड रुपये का बजट पेश किया। यह पिछले वित्त वर्ष के बजट के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि 2025-26 में कुल प्राप्तियां लगभग 1,01,034.75 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। इसमें 62,540.54 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्तियां तथा 38,494.21 करोड़ रुपये पूंजीगत प्राप्तियां हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व 39,917.74 करोड़ रुपये है जिसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 15,902.92 करोड़ रुपये शामिल है। बजट में राज्य में स्वयं के स्रोतों से कुल अनुमानित राजस्व प्राप्ति 28,410.30 करोड़ रुपये में कर राजस्व 24,014.82 करोड़ रुपये तथा कर पश्चात राजस्व 4,395.48 करोड़ रुपये अनुमानित है। ऋणों में प्रतिदान पर 26,005.66 करोड़ रुपये, ब्याज की अदायगी के रूप में 6,990.14 करोड़ रुपये, राज्य कर्मचारियों के वेतन भत्तों पर लगभग 18,197.10 करोड़ रुपये तथा पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के रूप में 9,917.40 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। कुल अनुमानित 1,01,175.33 करोड़ रुपये अनुमानित व्यय में से 59,954.65 करोड़ रुपये राजस्व लेखे का व्यय है तथा 41,220.68 करोड़ रुपये पूंजी लेखे का व्यय है।

## नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा की। पोस्ट में कहा गया, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। कुमार ने हाल ही में 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिन्होंने कार्यकाल खत्म होने के बाद मंगलवार को पद छोड़ दिया था। निर्वाचन आयोग ने भी राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति धनखड़ के साथ कुमार की मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं।

## दिल्ली सरकार में विभागों का बंटवारा किया गया; मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग रखा, वर्मा को पीडब्ल्यूडी

**दिल्ली मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दी**



दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता ने मंत्रियों के साथ विधि विधान से की यमुना आरती

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार शाम मंत्रिपरिषद के सदस्यों को विभागों के आवंटन की घोषणा की और उन्होंने वित्त, सेवाएं, सतर्कता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग अपने पास ही रखा है। नयी सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद, बतौर मुख्यमंत्री अपने पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि उनके कैबिनेट सहयोगी प्रवेश वर्मा को पीडब्ल्यूडी, जल, विधायी मामले, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण का प्रभार दिया गया है, जबकि आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास और शिक्षा विभाग मिले हैं। मंत्री कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार तथा पर्यटन विभाग मिले हैं, जबकि उनके कैबिनेट सहयोगी मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, वन एवं पर्यावरण, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आवंटित किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंकज सिंह को स्वास्थ्य, परिवहन और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार दिया गया है, जबकि रवींद्र इंद्राज को सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण, सहकारिता विभाग आवंटित किये गए हैं।

## न्यूज अपडेट

### मेरी मां का कठिन परिश्रम रंग लाया : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पुत्र

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बेटे निकुंज गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी मां के 30 वर्ष का कठिन परिश्रम आखिरकार आज रंग लाया और वह दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गईं। पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। निकुंज ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा कि 20 साल की उम्र में वह अपने दम पर दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष बनी थीं। उन्होंने कहा, मेरी मां के पास कोई राजनीतिक समर्थन नहीं था और दिन-रात अपनी कड़ी मेहनत से उन्होंने आज यह मुकाम हासिल किया है। निकुंज ने कहा, मेरी मां की कड़ी मेहनत ने उनके राजनीतिक करियर को बनाया। उन्होंने महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, दो बार पार्षद, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रहीं और अब मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने हमेशा मजबूत पारिवारिक संबंध बनाए रखे हैं और उनके राजनीतिक सफर के दौरान समूचे परिवार का पूरा समर्थन मिला है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार : खरगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए 'लाल आंख' के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है।'' उन्होंने दावा किया, ''हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर यह आरोप लगा रहे हैं। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर 90 नये गांव बसाने शुरू कर दिए हैं, वह हमारी सीमा पर पहले ऐसे 628 गांव बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 'दुनिया का सबसे बड़ा बांध' बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।''

### प्रारंभिक जांच से पता चला कि गोगोई की पत्नी से जुड़ा पाक नागरिक 18 बार भारत आया था: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी से कथित रूप से जुड़ा पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख अब तक 18 बार भारत आ चुका है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विधानसभा में चर्चा के दौरान, शर्मा ने यह भी दावा किया कि मामले में प्रारंभिक जानकारी कांग्रेस के लिए 'बहुत घातक' है और इसका असम की राजनीति पर 'बहुत बड़ा प्रभाव' पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''मामले पर असम पुलिस की एसआईटी ने तीन दिन के भीतर पता लगाया कि अली तौकीर शेख 18 बार भारत आया था। अब, हम यह पता करेंगे कि उन यात्राओं के दौरान किसने उसे आमंत्रित किया और उसकी मेजबानी की।'' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्हें अनौपचारिक रूप से पता है कि प्रारंभिक जांच में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिनका असर असम की राजनीति पर बहुत बड़ा होगा।

### ईडी ने पाकिस्तान को अवैध रूप से दवाएं निर्यात करने पर तेलंगाना की फार्मा कंपनी की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने धन शोधन निरोधक कानून के तहत तेलंगाना स्थित एक दवा कंपनी की पांच करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। कंपनी पर पाकिस्तान को अवैध रूप से 18,000 किलोग्राम से अधिक दवाइयां निर्यात करने का आरोप है। राज्य के संगारेड्डी जिले में स्थित कंपनी 'ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में कंपनी की जमीन, इमारत और फैक्टरी परिसर शामिल हैं और इनकी कीमत करीब 5.67 करोड़ रुपये है। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी या उसके निदेशकों से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

## मैं भाजपा का बहुत अनुशासित कार्यकर्ता हूं, जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे पूरा करूंगा: प्रवेश वर्मा



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं नयी दिल्ली के विधायक प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पार्टी के बहुत अनुशासित कार्यकर्ता हैं और उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे वह पूरा करेंगे। वर्मा ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा का समर्थन किया है और 48 सीट पर जनादेश दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि दिल्ली के प्रति हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली के लोगों ने हमें प्यार और आशीर्वाद दिया है। 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा यहां सरकार बना रही है। मैं विशेष रूप से हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। दिल्ली के लोगों को पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में हम इसे दुनिया की सबसे खूबसूरत राजधानी बनाएंगे।'' वर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली को अच्छा मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा, ''आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। हमने ''विकसित दिल्ली'' का जो वादा किया था, उसे हम पूरा करेंगे। हमने अपने घोषणापत्र में जो वादे किए हैं, वे सभी पूरे करेंगे।'' वर्मा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई। यह पूछे जाने पर कि क्या वह उपमुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, इस पर वर्मा ने कहा, ''मैं यह लंबे समय से कह रहा हूं कि मैं भाजपा का बहुत अनुशासित कार्यकर्ता हूं और अपनी अंतिम सांस तक भाजपा में ही रहूंगा। भाजपा ने मेरे पिता को दिल्ली का मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री बनाया और वह भी अपनी अंतिम सांस तक पार्टी की सेवा करते रहे। मुझे जो जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरा करूंगा।''

## रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

**दोषियों की पहचान के लिए आरपीएफ की विशेष टीम गठित**

**यात्रियों से रेलवे संपत्ति को नुकसान न पहुँचाने की अपील**

**नई दिल्ली :** मधुबनी रेलवे स्टेशन पर 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर - नई दिल्ली) की एसी कोचों की 73 शीशे की खिड़कियों को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे यात्रियों में भय और अफरातफरी का माहौल बन गया।इस तोड़फोड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्व मध्य रेलवे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिनियम की धारा 145(बी), 146, 153 और 174(ए) के तहत अपराध संख्या 168/2025 दर्ज किया।दोषियों की पहचान के लिए आरपीएफ की एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने विभिन्न स्रोतों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक नाबालिग आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और खेद प्रकट किया। मामले की जांच अभी भी जारी है, और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरपीएफ रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति है, और इसे नुकसान पहुँचाना गैरकानूनी कृत्य है।

## दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपये देने का वादा पूरा करे: आतिशी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा की नयी सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए। यह वादा भारतीय जनता पार्टी ने पांच फरवरी के विधानसभा चुनावों के दौरान किया था। आम आदमी पार्टी (आप) नेता की यह टिप्पणी रेखा गुप्ता के बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के तुरंत बाद आई है। गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी द्वारा लोगों से किए गए हर वादे को नयी सरकार पूरा करेगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतिशी ने गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल को बधाई दी और कहा कि यह दिल्ली की महिलाओं के लिए खुशी की बात है कि शहर को चौथी महिला मुख्यमंत्री मिली है। आतिशी ने कहा, चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा नेताओं और खुद गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि हर महीने उनके खातों में 2,500 रुपये भेजे जाएंगे। भाजपा ने कहा है कि यह योजना पहली कैबिनेट बैठक में पारित कर दी जाएगी और पहली किस्त आठ मार्च को भेज दी जाएगी। आप विधायक ने कहा कि यहां तक कि प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि राजधानी की हर महिला को अपने बैंक खाते को अपने मोबाइल फोन से जोड़ना चाहिए, ताकि उन्हें आठ मार्च को संदेश मिल सके।

## तटरक्षक बल के लिए 1,220 करोड़ रुपये में खरीदे जाएंगे 149 अत्याधुनिक रेडियो

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 149 अत्याधुनिक रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 1220.12 करोड़ रुपये के अनुबंध पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि अत्याधुनिक रेडियो तटरक्षक बल को हाई-स्पीड डेटा के जरिये सूचनाओं को सुरक्षित एवं विश्वसनीय ढंग से साझा करने और किसी स्थिति को भांपने, समझने और उस पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाएंगे। उसने कहा कि ये रेडियो भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए बेहतर संचार एवं समन्वय स्थापित करने में भी मदद करेंगे। एक बयान के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत भारतीय तटरक्षक बल के लिए 1220.12 करोड़ रुपये की कुल लागत से 149 सॉफ्टवेयर आधारित रेडियो की खरीद के वास्ते बेंगलुरु स्थित बीईएल के साथ अनुबंध पर दस्तखत किए हैं। आईडीडीएम का मतलब स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित प्रौद्योगिकियों से है। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक रेडियो हाई-स्पीड डेटा और सुरक्षित ध्वनि संचार के जरिये सूचनाओं को सुरक्षित एवं विश्वसनीय तरीके से साझा करने, बेहतर ढंग से समन्वय करने और किसी स्थिति को भांपने, समझने तथा उस पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाएंगे। उसने कहा कि इससे तटरक्षक बल अपनी विभिन्न जिम्मेदारियों, मसलन-समुद्र में कानून प्रवर्तन, खोज एवं बचाव अभियान का संचालन, मत्स्य संरक्षण और समुद्री पर्यावरण का संरक्षण को बेहतर ढंग से निभा पाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह परियोजना तटरक्षक बल की अभियानगत क्षमताओं में सुधार करने और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करके भारत की नीली अर्थव्यवस्था का समर्थन करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।

# इस बार के सर्दियों के मौसम में माउंट एवरेस्ट का बर्फ का आवरण 150 मीटर तक कम हुआ: शोधकर्ता



**नयी दिल्ली :** माउंट एवरेस्ट के ऊपरी भाग में बर्फ का आवरण 150 मीटर तक कम हो गया है, जो 2024-2025 में सर्दियों के मौसम के दौरान जमी बर्फ में कमी का संकेत है। शोधकर्ताओं के विश्लेषण के बाद यह जानकारी सामने आई। अमेरिका के निकोल्स कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर और ग्लेशियर का अध्ययन करने वाले 'ग्लेशियोलॉजिस्ट' मौरी पेल्टो ने दो फरवरी को एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा, ''अक्टूबर 2023 से जनवरी 2025 की शुरुआत तक अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था 'नासा' (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) के उपग्रह चित्रों का विश्लेषण करने पर पता चला कि 2024 और 2025 दोनों में जनवरी तक 'हिम रेखा' में वृद्धि की संभावना है।'' 'माउंट एवरेस्ट' दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 8,849 मीटर ऊपर मापी गई है। यह धरती पर सबसे ऊंचा स्थान है। हिमालय की चोटी नेपाल और तिब्बत के बीच स्थित है। 'हिम रेखा' उस सीमा या ऊंचाई को दर्शाती है जिस पर बर्फ स्थायी रूप से पहाड़ पर बनी रहती है। बर्फ के पिघलने की प्रक्रिया कम ऊंचाई वाले पहाड़ों पर होती है, लेकिन जब पहाड़ की ऊपरी ढलान पर बर्फ पिघलने लगती है तो यह गर्म जलवायु का संकेत होता है। पेल्टो ने कहा कि हाल की सर्दियों में गर्म और शुष्क परिस्थितियां बनी हुई हैं। इनमें 2021, 2023, 2024 और 2025 की सर्दियां भी शामिल हैं, जिसके कारण बर्फ का आवरण कम हो रहा है, हिम रेखाएं ऊंची हो रही हैं और जंगल की आग की घटनाएं बढ़ रही है।

# गुजरात सरकार ने 2025-26 के लिए 3.70 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया



**गांधीनगर :** गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.70 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें 148 करोड़ रुपये की कर राहत दी गई है। राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया गया है। देसाई ने सदन को बताया कि 2025-26 के लिए 3,70,250 करोड़ रुपये का बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 37,785 करोड़ रुपये या 11.3 प्रतिशत अधिक है। राज्य सरकार ने बंधक विलेखों पर स्टांप शुल्क में कमी और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर मोटर वाहन कर के रूप में 148 करोड़ रुपये की कर राहत का प्रस्ताव रखा। देसाई ने अपने बजट भाषण में कई नई योजनाओं की घोषणा की और कहा कि बजट पांच स्तंभों - सामाजिक सुरक्षा, मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे का विकास, हरित वृद्धि और आर्थिक गतिविधियों के विकास पर आधारित है। उन्होंने कहा, हम सुनियोजित परियोजनाओं तथा जन कल्याण योजनाओं को तैयार करने और लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए, मैं अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये के 'विकसित गुजरात कोष' का प्रस्ताव करता हूं। मैं बजट में इसके तहत 5,000 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव करता हूं। गुजरात में दो एक्सप्रेस-वे विकसित किए जाएंगे। इनमें से पहला बनासकांठा को सौराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों से जोड़ने वाला 'नमो शक्ति एक्सप्रेस-वे' है। दूसरा एक्सप्रेस-वे अहमदाबाद से राजकोट तक 'सोमनाथ-द्वारका एक्सप्रेस-वे' है, जिसका विस्तार द्वारका, सोमनाथ और पोरबंदर सहित तीर्थस्थलों तक किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने पिंक लेडीज कप में जोर्डन को 2-0 से हराया

**शारजाह:** भारत की महिला फुटबॉल टीम ने पिंक लेडीज कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बृहस्पतिवार को यहां जोर्डन पर 2-0 की जीत दर्ज की। मिडफील्डर नाओरेम प्रियंगका देवी (23वें मिनट) और विंगर मनीषा (54वें मिनट) ने एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। क्रिस्पिन छेत्री के मुख्य कोच रहते यह भारत की पहली जीत है। प्रियंगका ने लंबी दूरी से गोल करके भारत को बढ़त दिलाई जिसने जोर्डन की गोलकीपर को चौंका दिया। भारत को जल्द ही अपनी बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला लेकिन मनीषा काफी करीब से गोल करने से चूक गईं। जॉर्डन ने मध्यांतर के बाद दबाव बनाया लेकिन कप्तान नगांगबाम स्वीटी देवी और युवा पूर्णिमा कुमारी की अगुआई में भारत का डिफेंस मजबूत रहा। भारत ने दूसरे हाफ में जवाबी हमले का फायदा उठाया जब मनीषा ने गोल किया।

### आईओसी को 2032 तक नया ओलंपिक प्रायोजक मिला, जापान के पैनासोनिक की जगह लेगा

**बीजिंग:** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को चीन में नया प्रायोजक मिला है जो जापान के दीर्घकालिक व्यावसायिक साझेदार पैनासोनिक की जगह लेगा। आईओसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टीसीएल ने 'होम ऑडियो विजुअल इक्विपमेंट एंड एप्लायंस' प्रायोजक श्रेणी में 2032 तक आठ साल का अनुबंध किया है जिसमें चार ओलंपिक शामिल हैं। इस अनुबंध के वित्तीय पहलू की जानकारी नहीं दी गई है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद पैनासोनिक की चार दशक की साझेदारी समाप्त हो गई। वह 1985 में बने वैश्विक ओलंपिक भागीदार कार्यक्रम का संस्थापक सदस्य था जिसे टीओपी के रूप में जाना जाता है। जापान की कंपनी टोयोटा और ब्रिजस्टोन ने भी पिछले साल अपने अनुबंध को नवीनीकरण नहीं करके ओलंपिक कार्यक्रम को छोड़ दिया था।

# शमी के पांच विकेट, गिल का नाबाद शतक, भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया

### रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में 11,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने

**दुबई:** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान वनडे में 11,000 रन पूरे करके हमवतन विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। रोहित 50 ओवर के प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 10वें बल्लेबाज हैं। भारतीय कप्तान ने ग्रुप ए के मैच में 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपने 270वें मैच में यह मुकाम हासिल किया और पारी के लिहाज से वह कोहली के बाद 11,000 रन पार करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। कोहली ने 222 पारियों में 11,000 रन का आंकड़ा पार किया था जबकि रोहित ने 261 पारियों में इतने रन बनाए हैं।



**दुबई:** भारत ने मोहम्मद शमी (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 101 रन) की परिस्थितियों के अनुकूल खेली गई संयमित शतकीय पारी की मदद से बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 21 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। गिल का यह आईसीसी टूर्नामेंट में पहला शतक है। उन्होंने अपने इस धीमे शतक के लिए 129 गेंद का सामना किया जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे। उनके साथ केएल राहुल (नाबाद 41 रन, 47 गेंद, एक चौका, दो छक्के) ने 87 रन की अटूट साझेदारी निभाई और छक्का जड़कर जीत दिलाई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के लिए मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे तौहीद हृदय ने अपना पहला वनडे शतक जड़ा लेकिन शमी (53 रन देकर पांच विकेट) की गेंदबाजी के सामने टीम 49.4 ओवर में 228 रन पर ढेर हो गई। भारत ने रोहित शर्मा (41 रन) और गिल की तेज शुरूआत के बाद जल्दी जल्दी विकेट गंवा दिए। लेकिन फिर गिल और राहुल ने मिलकर 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। रोहित ने तेज शुरूआत की और जल्द ही वनडे में 11,000 रन पूरे किए।

### शमी सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले भारतीय गेंदबाज बने



**दुबई:** स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट झटकने वाले भारतीय गेंदबाज और ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए। इस तरह उन्होंने पांच विकेट लेकर आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार वापसी की। लंबे समय तक चोट से दूर रहने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए शमी ने अपने 104वें मैच में तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 133 मैच में यह मुकाम हासिल किया था। शमी का 200वां विकेट जाकिर अली थे जिन्होंने 68 रन बनाये। इसके बाद उन्होंने अपने खाते में दो और विकेट जोड़े और दिन का अंत 53 रन देकर पांच विकेट के आंकड़े के साथ किया जिससे आईसीसी टूर्नामेंटों में सबसे सफल गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई।

### हरियाणा 106 पदक के साथ राष्ट्रीय पैरालंपिक में बना ओवरऑल चैंपियन

**चेन्नई:** हरियाणा ने बृहस्पतिवार को संपन्न 23वीं राष्ट्रीय पैरालंपिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 49 स्वर्ण सहित 106 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 49 स्वर्ण के अलावा 32 रजत और 25 कांस्य पदक भी जीते तथा पदक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बना। मेजबान तमिलनाडु 17 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि उत्तर प्रदेश ने 14 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान और महाराष्ट्र इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष पांच में रहे। प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन हरियाणा ने पुरुषों की चक्का फेंक एफ 37 स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। भविष्य ने 44.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके राज्य के साथी हनी 44.13 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के ही अंकित ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की चक्का फेंक एफ 51 स्पर्धा में हरियाणा के धरमबीर ने 10.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि एफ62/एफ64 स्पर्धा में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के प्रदीप कुमार 44.00 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे।

## भारत के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए पाकिस्तानी टीम दुबई पहुंची

- भारत के खिलाफ मैच से पहले फखर जमां बाहर, इमाम उल हक पाकिस्तान की टीम में शामिल

**दुबई:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी के अहम मुकाबले के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंची। पाकिस्तान को टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड से 60 रन से मिली हार के बाद अपने अभियान को पटरी पर लाने की उम्मीद है। टीम सीनियर बल्लेबाज फखर जमां के बिना दुबई पहुंची। फखर बुधवार को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रतियोगिता के पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। बाद में वह घुटने की चोट के फिर उभरने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए और उनकी जगह इमाम उल हक को टीम में शामिल किया गया। पाकिस्तानी टीम कराची से पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के विशेष विमान से यहां पहुंची। टीम के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के छह अधिकारी और अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी थे। नकवी टूर्नामेंट के मेजबान पाकिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के बीच बहु प्रतीक्षित मुकाबले की व्यवस्था की देखरेख करेंगे। भारत हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। इससे पहले पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिता तकनीकी समिति से मंजूरी मिलने के बाद फखर की जगह इमाम को टीम में शामिल किया।

## माफ करो और आगे बढ़े, हर चीज के बारे में चिंता नहीं कर सकते: धोनी

**मुंबई:** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने मैदान पर अपने शांत और एकाग्र दृष्टिकोण से एक नेतृत्वकर्ता के लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं। वह अब जब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ एक खिलाड़ी के



रूप में संभवत: अपने आखिरी आईपीएल सत्र में खेलने की तैयारी कर रहे हैं तो यहां एक कार्यक्रम में जब उन्हें अपने प्रशंसकों को सलाह देने के लिए कहा गया तो वह दार्शनिक हो गए। अपनी ऐप 'धोनी' के लॉन्च के दौरान इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने बुधवार शाम कहा, 'मेरा मानना है कि जीवन को सरल बनाए रखें। खुद के प्रति ईमानदार रहें, लोगों के प्रति कृतज्ञता रखें, जो कुछ भी वे आपके लिए कर रहे हैं। हमेशा यह नहीं सोचें कि 'यह मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' और अधिक की मांग करें।' इस दौरान भारत के चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाजी संजू सैमसन भी मौजूद थे। धोनी ने कहा, 'मुझे पता है कि पूरा ऐप (धोनी) कहता है 'थोड़ा और', लेकिन पूरी बात कृतज्ञता रखने, धन्यवाद कहने, बड़ों का सम्मान करने (और) छोटों को प्यार देने की है।' इसके बाद धोनी ने क्षमा करने की प्रवृत्ति पर जोर दिया जो उन्हें लगता है कि लोगों में अभी कम है। धोनी ने कहा, ''मुझे हमेशा लगता है कि आपके चेहरे पर मुस्कान होने से आधी समस्या हल हो जाती है।

## न्यूज अपडेट

### पंकज आडवाणी ने 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब जीता




**दोहा:** भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं। आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है। बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे। ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैम्पियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपनी जीत पर बात करते हुए आडवाणी ने कहा, '14वां एशियाई खिताब जीतना बहुत ही विशेष है, खासकर स्नूकर में। यह एक कठिन टूर्नामेंट रहा है और मैं अपने संग्रह में एक और स्वर्ण जोड़कर रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इस लय को आगे भी जारी रखूंगा और भारत को गौरवान्वित करता रहूंगा।

### दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए उतरेगा अफगानिस्तान

**कराची:** पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही अफगानिस्तान की टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखकर शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं लेकिन इसके बावजूद वह अभी तक केवल चैंपियंस ट्रॉफी ही जीत पाई है। इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी ज़ोरज़ी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में जबकि हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसका गेंदबाजी विभाग है क्योंकि तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अपनी आक्रामकता के लिए मशहूर तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी तथा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा। स्पिन विभाग में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की अहम भूमिका होगीं। दक्षिण अफ्रीका का हाल में वनडे में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसने वनडे विश्व कप 2023 के बाद जो 14 वनडे खेले हैं उनमें से उसे केवल चार मैच में जीत मिली।



### कारोबारों की जरूरतें पूरी करने के लिए 20 औद्योगिक स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा: गोयल




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि 20 औद्योगिक स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक निवेशकों और व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करने वाले उन्नत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मंत्री ने यह बात राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत विकसित औरंगाबाद औद्योगिक शहर (एयूआरआईसी) शेंद्रा के दौरे के दौरान कही। मंत्री ने एयूआरआईसी में एक समर्पित कौशल विकास केंद्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार किया। उन्होंने उद्योग हितधारकों के सहयोग से एक कौशल और नौकरी केंद्र की स्थापना के लिए सहमति व्यक्त की।वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) से इस केंद्र की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया है।

## भारत 2047 तक उच्च आय वाला देश होगा : अध्ययन

**नयी दिल्ली:** भारत 2047 तक उच्च आय वाला देश बन जाएगा, जिसका अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 23,000 अरब डॉलर से 35,000 अरब डॉलर के बीच होगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत को उच्च आय वाला देश बनाने में सेवा क्षेत्र की प्रमुख भूमिका होगी। बेन एंड कंपनी और नैसकॉम की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक सेवा क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 प्रतिशत योगदान होगा। वहीं विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 32 प्रतिशत होगा। ये दोनों ही आर्थिक वृद्धि के महत्वपूर्ण चालक बन जाएंगे।रिपोर्ट कहती है, आने वाले दशकों में लगभग 20 करोड़ व्यक्तियों के कार्यबल में शामिल होने की उम्मीद है। यह भारत के पास उच्च-मूल्य वाली नौकरियों के सृजन को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण आर्थिक क्षमता को खोलने का एक अनूठा अवसर है।रिपोर्ट में कहा गया है कि इस परिवर्तन को सक्षम करने में एक क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी खाका महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के कुल ऊर्जा उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 2023 के 24 प्रतिशत से बढ़कर 2047 तक लगभग 70 प्रतिशत हो सकता है। इसी तरह, वाहन कलपुर्जा निर्यात क्षेत्र के 200-250 अरब डॉलर (2047) तक पहुंचने का अनुमान है, जो आईसीई बाजार में हिस्सेदारी और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की ओर दीर्घकालिक बदलाव से प्रेरित है।अध्ययन में कहा गया है कि 2030 तक लगभग पांच करोड़ व्यक्तियों की कार्यबल की कमी विभिन्न क्षेत्रों में उन्नत 'एसटीईएम' शिक्षा और केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रमों की जरूरत को दर्शाती है।

# भारत में ईवी की संख्या 2030 तक 2.8 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद: आईईएसए




**नयी दिल्ली:** भारत में बढ़ती मांग और प्रोत्साहनों के चलते इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कुल संख्या 2030 तक 2.8 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (आईईएसए) ने एक रिपोर्ट में यह बात कही। आईईएसए ने एक बयान में कहा कि भारत कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण और लगातार प्रगति कर रहा है। गठबंधन ने कहा कि मांग और आपूर्ति संबंधी प्रोत्साहन, बढ़ती उपभोक्ता मांग और चार्जिंग बुनियादी ढांचा तैयार करने से ईवी की बिक्री तेजी से बढ़ी है। बयान में कहा गया कि पर्यावरण के लिए बढ़ती जागरूकता, ग्राहकों की रुचि, बैटरी प्रौद्योगिकी में प्रगति और आसानी से उपलब्ध ईवी चार्जिंग अवसंरचना के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की संभावना सकारात्मक बनी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की कुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिक्री 41 लाख इकाई को पार कर गई। इलेक्ट्रिक परिवहन, ऊर्जा भंडारण और हाइड्रोजन पर केंद्रित एक प्रमुख गठबंधन आईईएसए ने अनुमान जताया है कि 2030 में ईवी की कुल संख्या 2.8 इकाई से अधिक हो जाएगी। इस कारण बिजली की महत्वपूर्ण मांग भी पैदा होगी। यह अनुमान लगाया गया है कि वार्षिक बिक्री में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 83 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत और ट्रक, बस तथा तिपहिया जैसे वाणिज्यिक वाहनों की हिस्सेदारी सात प्रतिशत होगी। आईईएसए के अंतरिम अध्यक्ष विनायक वालिम्बे ने कहा कि भारत में बिजली की खपत में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है।

### भारत को आने वाले वर्षों में 20,000 पायलट की जरूरत होगी : नागर विमानन मंत्री

**नयी दिल्ली:** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि देश में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए आने वाले वर्षों में कम से कम 20,000 पायलटों की जरूरत होगी। 'उड़ान भवन' में पायलटों के लिए 'इलेक्ट्रॉनिक पर्सनेल लाइसेंस' (ईपीएल) की शुरुआत करने के बाद वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विमानन क्षेत्र हमेशा से संपर्क, आर्थिक वृद्धि और प्रौद्योगिकी की रीढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में देश में 50 और हवाई अड्डे होंगे। पिछले 10 साल में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 157 हो गई है। नायडू ने कहा, '' हम एक बहुत महत्वाकांक्षी आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं... यदि आप विमानन क्षेत्र को देखें, तो हमारे पास 1,700 विमान के ऑर्डर हैं जो भारतीय बेड़े में आने वाले हैं। आने वाले दिनों में हम इतनी अधिक वृद्धि देखेंगे...निकट भविष्य में कम से कम 20,000 पायलट की आवश्यकता होगी।'' मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय बड़े



पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है। नायडू ने कहा, ''ईपीएल की शुरुआत के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पायलट अब अपने लाइसेंस को अधिक आसानी और दक्षता के साथ प्राप्त कर सकें। यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप है, जो नागरिकों और बड़े पैमाने पर उद्योग के मुनाफे के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ करती है।'' ईपीएल की शुरुआत के साथ ही भारत चालक दल के सदस्यों के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। चीन पहले ही ऐसी सुविधा लागू कर चुका है।

### शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

**मुंबई:** अमेरिका के शुल्क लगाने पर अनिश्चितता के बीच स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को भी गिरावट जारी रही। कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी कोषों की निकासी से भी निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 476.17 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 75,463.01 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, व्यापक बाजारों में तेजी रही और मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में उल्लेखनीय गिरावट हुई। एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,881.30 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण घरेलू शेयर सूचकांकों में मामूली गिरावट देखी गई। इसके अलावा, प्रस्तावित व्यापार नीति से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने का अनुमान है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि ब्याज दर कटौती में देरी हो सकती है।'' लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, एक सीमित दायरे वाले सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया कि वह मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण ब्याज दरों में कटौती रोक सकता है। क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो बैंकेक्स 0.50 प्रतिशत, वित्तीय सेवा 0.25 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी 0.10 प्रतिशत और एफएमसीजी 0.04 प्रतिशत गिरा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर, चांदी में 700 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली:** वैश्विक स्तर पर मजबूती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये बढ़कर 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'बृहस्पतिवार को सोना नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति के बारे में खबरों के कारण सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बढ़ा है।'

### वॉलमार्ट की फोन-पे ने भारत में आईपीओ पेश करने की तैयारी शुरू की

**नयी दिल्ली:** भारत की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोन-पे ने देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी का मूल्य वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम वित्त-पोषण दौर के दौरान 12 अरब डॉलर था। फोन-पे ने एक बयान में कहा, कंपनी अपने संभावित आईपीओ के संबंध में प्रारंभिक कदम उठा रही है और भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो इस साल अपनी 10 साल की वर्षगांठ मनाएगी। कंपनी अभिनव वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों के साथ करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने के लिए विकसित हुई है।

### आईफोन 16ई को भारत में ही असेंबल करेगी एप्पल, कीमत 59,900 रुपये

**नयी दिल्ली:** एप्पल अपनी नई श्रृंखला आईफोन-16ई को भारत में असेंबल कर रही है। ये फोन घरेलू बिक्री के साथ-साथ कुछ चुनिंदा देशों को निर्यात भी किए जाएंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने आईफोन 16 सीरीज के मुकाबले आईफोन 16ई को कम दाम में पेश किया है, जिसकी बिक्री भारत में 28 फरवरी से शुरू होगी। आईफोन 16ई की बुकिंग शुक्रवार, 21 फरवरी से शुरू होगी। इसके बाद, ये फोन 28 फरवरी से एप्पल के आधिकारिक स्टोर और कंपनी के अधिकृत भागीदारों (जैसे अन्य दुकानें और ऑनलाइन मंच) पर बिकने के लिए उपलब्ध होंगे। एप्पल ने बृहस्पतिवार को कहा, 'आईफोन 16ई समेत पूरी आईफोन 16 श्रृंखला को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए और चुनिंदा देशों में निर्यात के लिए भारत में ही असेंबल किया जा रहा है।' कंपनी ने बुधवार को 59,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर नया आईफोन 16ई को उतारने की घोषणा की।

### सरकार ने कीमतों को काबू में रखने के लिए गेहूं भंडारण की सीमा कड़ी की

**नयी दिल्ली:** केंद्र ने बृहस्पतिवार को कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करण करने वालों के लिए गेहूं भंडारण की सीमा सख्त कर दी। सरकार ने साथ ही कहा कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। गेहूं की नयी फसल की कटाई मार्च के अंत से शुरू होती है। सरकार ने कहा कि 31 मार्च तक लागू रहने वाली संशोधित भंडारण सीमा के अनुसार व्यापारी/थोक विक्रेता केवल 250 टन गेहूं रख सकते हैं। पहले के मानदंड के अनुसार यह सीमा 1,000 टन थी। खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण की सामा को पांच टन से घटाकर चार टन कर दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'गेहूं की कीमतों को काबू में रखने के लिए केंद्र सरकार ने 31 मार्च, 2025 तक लागू गेहूं की भंडारण सीमा को संशोधित करने का फैसला किया है।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4156 अंक 306, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in